26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 8 सितम्बर , 2026
अंक- 315 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# उद्यमी निवेश का पर्चा लेकर आते थे, वसूली की पर्ची लेकर लौटते थे- योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र को नई पहचान देने के लिए यूपी टेक्स-2026 का आयोजन 8 और 9 सितंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल टेक्सटाइल हब पर आधारित यूपी टेक्स कॉन्क्लेव टेक्सटाइल का नया अध्याय बनेगा। यूपी मतलब अप, यानी अप से 'अनलिमिटेड पोटेंशियल'। वैदिक साहित्य में सोने के तारों से जेड वस्त्र का उल्लेख है। अयोध्या में राम के समय बनारस के रेशमी वस्त्र का उल्लेख है। वनवास के समय मां जानकी को दिव्य वस्त्र प्राप्त हुए। महाभारत के राजसूय यज्ञ में युधिष्ठिर को काशी के राजा ने सूती वस्त्र दिए थे। उन्होंने कहा कि रोम और ग्रीक की संस्कृति को देखें तो भारत और यूपी के वस्त्र वहां भेजे जाते थे। बनारस, कानपुर, सीतापुर,



मेरठ आदि यूपी की टेक्सटाइल विरासत की क्षमता है। हमारे पास विरासत है, हुनर है, मानव संसाधन है। देश का सबसे बड़ा बाजार है। उद्योग और उद्यमी भी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी यंग वर्कफोर्स है।

सीएम ने आगे कहा कि पांच लाख वेवर रियल हीरो हैं। देश के कुल फैब्रिक का 14 फीसदी यूपी में है। कृषि के बाद सबसे ज़्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। यूपी ने खुद को इनोवेशन, टेक्नोलॉजी को जोड़ा है। 350 बिलियन डॉलर की टेक्सटाइल इकनॉमी और 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य है, जो यूपी के बिना पूरा नहीं होगा। 2017 से पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' यूपी की पहचान थी। गुंडा टैक्स, वसूली का कारोबार फल फूल रहा था। कोई सुरक्षित नहीं था। निवेशक यहां निवेश का पर्चा लेकर आते थे और वसूली की पर्ची लेकर लौटते थे। तत्कालीन सरकार मौन थी।

# पीएम बोले- रेल कॉरिडोर देखकर फूफाजी नाराज हो जाएंगे

**पुरानी सरकार 10 साल में 50 हजार टॉयलेट नहीं बना सकी थी**

**वडोदरा ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। मोदी के कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि पहली की सरकार ने विकास को कभी गति नहीं दी। पुरानी सरकार 10 साल में 50 हजार टॉयलेट नहीं बना सकी थी, हम चिप से शिप तक बना रहे हैं। यूपीए सरकार ने विकास को रोक दिया था। यहां का फ्रेट कॉरिडोर इसका उदाहरण है। यहां का रेल कॉरिडोर देखकर फूफाजी नाराज हो जाएंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर Y आकार का रैंप बनाया गया है। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। एक स्टूडेंट ने उन्हें तस्वीर भी गिफ्ट की।




## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





## बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)

अब
सप्ताह में दो दिन बिजनौर में
बृहस्पतिवार -बिजनौर
शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


## फ्रांस- हिंदू संगठन के दौरे के बाद एफिल टावर बंद

**पेरिस ( एजेंसी/चिंगारी )।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मशहूर एफिल टावर सोमवार को कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बंद रहा। मामला शनिवार को हिंदू संगठन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के करीब 100 सदस्यों के दौरे से जुड़ा है। आरोप है कि BAPS प्रतिनिधिमंडल के आने से पहले कुछ महिला कर्मचारियों को अपनी जगह से हटने के लिए कहा गया, ताकि वहां पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया जा सके। इस घटना से महिला कर्मचारी आहत हुईं। उन्हें यह अपमानजनक लगा। मामला बढ़ने के बाद सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक की और मैनेजमेंट से बातचीत की।

## मिडिल ईस्ट के मध्यस्थ ईरान और अमेरिका के बीच समझौते की कर रहे हैं तैयारी

**दोहा ( एजेंसी /चिंगारी )।** कतर और मध्य पूर्व के अन्य मध्यस्थ देश ईरान और अमेरिका के बीच एक समझौते की तैयारी कर रहे हैं, ताकि जब भी दबाव बनाने या मोल-भाव की ज़रूरत हो, तो वे तैयार रहें। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने यह जानकारी दी।


## खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सेस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST),
शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक,
बिजनौर - 246701 (U.P.)

# जमीअत ने किया सीरत ए तैयबा प्रोग्राम के तीसरे जलसे का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। जमीअत-ए-उलमा-ए-हिंद की नजीबाबाद यूनिट के जेर-ए-एहतिमाम जारी 9-रोजा सीरत-ए-तैयबा प्रोग्राम के तीसरे जलसे को खिताब करते हुए बुजुर्ग आलिम-ए-दीन हजरत मौलाना मुहम्मद सलमान बिजनौरी नक्शबंदी ने फरमाया कि सीरत-ए-नबवी को महज समाअत व मुताला व बयान व वअज तक महदूद न रखें बल्कि आप की तालीमैट व सुन्नत को अपने अकाइद, इबादात, अखलाक, मुआमलात व रोजमर्रा की जिंदगी में अमली तौर पर लागू करें। मस्जिद सैयदों वाली मोहल्ला पठानपुरा में मुअंकदा जलसे की सरपरस्ती मुफ्ती मुहम्मद अरशद कासमी जिला जनरल सेक्रेटी ने फरमाई। मुफ्ती मुहम्मद अली की निजामत में चले इस जलसे की सदारत सदर मुफ्ती मुहम्मद असद कासमी ने की। कारी अकीलुर्रहमान की तिलावत व मौलाना मुहम्मद अकरम व कारी महबूब आलम की नात-ए-पाक से जलसे का बाकायदा आगाज हुआ। मेहमान-ए-मुकर्रम ने फरमाया कि मुअजिजा कहते हैं किसी चीज का खिलाफ-ए-आदत नबी के हाथ पर बहुकम-ए-खुदावंदी जाहिर होना जिससे गैर-अंबिया आजिज हों व इन मुअजिजात को देखकर लोगों को नबी की सदाकत व रिसालत का यकीन हो जाए। इस मौके पर मौलाना मुहम्मद ईसा, मौलाना मुहम्मद असलम, मौलाना मुहम्मद हाशिम, मौलाना उजैर आलम, मुफ्ती इस्लामउद्दीन, मुफ्ती ओवैस अहमद, मौलाना रईस अहमद, मुफ्ती महफूजुर्रहमान, मुफ्ती वकार अहमद, मौलाना नवाब अख्तर, कारी मुजीबुर्रहमान, हकीम उबैद आलम, मुफ्ती रईस अहमद, कारी मुहम्मद अतहर, मुफ्ती मुहम्मद अफजाल, मुफ्ती मुहम्मद इकराम, मुफ्ती मुहम्मद अरशद, मुफ्ती मुहम्मद गुफरान, कारी तसलीम अहमद, मुफ्ती मुहम्मद फैजान, मौलाना मुहम्मद तालिब, मौलाना मुहम्मद सुलेमान, मौलाना मुहम्मद जुबैर, मौलाना मुहम्मद ओवैस, डॉक्टर मुहम्मद अफजाल व मास्टर अनीस अख्तर फारूकी मौजूद रहे।




# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित




नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक कल्याण परिषद शाखा जनपद बिजनौर विकास क्षेत्र नजीबाबाद द्वारा सेवानिवृत हुए शिक्षकों का नामदेव धर्मशाला शिवमंदिर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर प्रसाद शास्त्री एवं संचालन मदन गोपाल टांक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मदन गोपाल चौहान, प्रकाश सिंह राजपूत, हरकेश सिंह, बलवंत सिंह, शशि रानी मंच पर आसीन रहे। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दीपमाला त्यागी, शगुफ्ता यासमीन, बुशरा यासमीन, अमिता वर्मा, बीना, महेंद्र पाल सिंह, नरेश कुमार, मोहम्मद फारूख, धनीराम, अनिल कुमार गहलौत को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में वीरेंद्र कुमार चौहान, जयपाल सिंह, सतपाल राजपूत, खालिद रशीद, कुंवरपाल सिंह आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में शाखा अध्यक्ष मदन गोपाल टांक व मंत्री बलवंत सिंह द्वारा सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

# राईन बिरादरी का मौहम्मद अजमल को सेक्रेटरी चुना गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। राईन बिरादरी बस्ती 14 महाल के लिये मुअज्जमपुर तुलसी गढ़ी निवासी मौहम्मद अजमल को 6 माह के लिये कारगुजार सेक्रेटरी मुन्तखिब किया गया। रिटायर्ड जज मौहम्मद आदिल ने पगड़ी बांधकर उन्हें सम्मानित कर व बिरादरी के जिम्मेदारों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इजलास की सदारत कर रहे रिटायर्ड जज मौहम्मद आदिल ने कहा कि किसी व्यवस्था को चलाने के लिये सेक्रेटरी का एहम किरदार होता है। यह एक पद नहीं बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पद के साथ खुद भी गरिमा में रहना होता है। रिटायर्ड जज मौहम्मद आदिल की सदारत में आयोजित इजलास में जिम्मेदारों ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए सामाजिक बुराइयों से बचने का आव्हान किया। सेक्रेटरी बनने पर मौ0 अजमल ने भरी इजलास में बिरादरी से वायदा किया कि वह ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जिससे राईन बिरादरी को ठेस पहुंचे। अजमल ने विश्वास दिलाया है कि वह सबको साथ लेकर व मशविरे के साथ बिरादरी की फलाह व बहबूद के लिये काम करेंगे। इस मौके पर मौ0 अय्यूब, महबूब आलम, असगर, अनीस अहमद, रईस अहमद, नजाकत, फिरोज अहमद, खुर्शीद आलम एड., अनीसुर्रहमान एड., मौ0 यूनुस, मौ0 आदिल, अब्दुल वाहिद सदर, मौ0 साबिर, मुफ्ती शराफत, इंसाफुल्लाह सदर, खुर्शीद अहमद सेक्रेट्री, जुल्फिकार आढ़ती, मौहम्मद अली, रफीक अहमद, नूर अहमद मेम्बर, नफीस प्रधान बसी, मौहम्मद याकूब पत्रकार किरतपुर, मौहम्मद इलियास, मौहम्मद सादिक, नसीम, इरफान, शमशाद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



# मजदूर किसान यूनियन ने डीएम को दिया ज्ञापन

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय मज़दूर किसान यूनियन द्वारा जिलाधिकारी बिजनौर कार्यालय पर पहुंचकर डीएम जसजीत कौर को दो ज्ञापन सौंपे गये। ज्ञापन में नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग एनएच-74 पर निकासी हेतु पक्का नाला बनवाने तथा दूसरे ज्ञापन में बिजनौर में शक्ति चौक के सामने डिवाइडर बनवाने की मांग की गई। किसानों ने कहा कि इन दोनों समस्याओं के चलते लोग काफी परेशान हैं। इनका समाधान जल्दी से जल्दी होना जरूरी है। ज्ञापन देने वालों में उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद आसिफ, बिजनौर जिलाध्यक्ष नईम, मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष जावेद, मंडल मीडिया प्रभारी सलमान उल हक, मंडल संगठन मंत्री इकराम सैफी उर्फ सोनू, मंडल महासचिव रिहान विकार आदि उपस्थित रहे।




# लीना सिंघल ने चौहड़खाता में जनसम्पर्क कर विकास के लिए चर्चा की



नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल ने अपनी टीम के साथ नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम चौहड़खाता में जनसंपर्क कर ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर उनका स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास, जनहित के विषयों एवं संगठन को अधिक मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। जनसंपर्क कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी देवी, सूरज, रामबहादुर, सोमवीर, पप्पू सिंह, मुकेश, देशराज, कृष्ण सिंह, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती नीरा आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राकेश कुमार शर्मा की माताजी को श्रद्धांजलि देने के लिये जनसमूह उमड़ा



बिजनौर (चिंगारी)। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रधान सहायक राजकीय आईटीआई बिजनौर राकेश कुमार शर्मा की पूज्य माताजी श्रीमती क्रांति देवी को उनकी आरिष्टी के मौके पर श्रद्धांजलि देने के लिये विशाल जनसमूह उमड़ा। नगर के एक बैंकेट हॉल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित सर्वसमाज के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। श्रीमती क्रांति देवी का 25 अगस्त को स्वर्गवास हो गया था। राकेश कुमार शर्मा एवं उनके पुत्र वैभव वशिष्ठ ने आगन्तुकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** बिजनौर-कोतवाली देहात मार्ग पर तेज गति से जा रही एक ब्रेजा कार ने माहेश्वरी के निकट पुल पर बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पवन पुत्र मुन्नू आयु 26 वर्ष निवासी रहमापुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर परिजन व ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कार चालक कार लेकर फरार हो गया। भीड़ ने काफी देर तक हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों को समझा कर मामले को शांत किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो छोटी बच्चियों को रोता बिलखता छोड़ गया। ग्रामीणों ने कार का नंबर नोट कर लिया। कार किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव उमरी की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ी ( पेज 9 )


# जो समाज अपनी ताकत भूल जाता है, वह गुलाम रहता है : जितेंद्र कुमार

## विहिप के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद के 62वें स्थापना दिवस पर नगर की माहेश्वरी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ भारत माता और राम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रवलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सहमंत्री जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हिंदू समाज को एकत्रित करने के लिए आज से 62 वर्ष पूर्व विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई। आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ने 1964 में दिल्ली के एक आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन विहिप की स्थापना की थी। आज विहिप के 18 आयाम कार्य कर रहे है और विश्व के 37 देशों में हमारा विचार पहुंचा है।

मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ का लक्ष्य शहर में 5 प्रतिशत और गांव में 3 प्रतिशत लोगों को अपने विचार से जोड़ना है। कश्मीर का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 1989 को मस्जिदों से ऐलान किया गया कि हिंदू कश्मीर छोड़ दें। आज देश में ऐसी सरकार सत्तारूढ़ है, जो कश्मीर से आए नागरिकों को वहां पुन: बसाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने हिन्दुओं का आह्वान किया कि वह विहिप और बजरंग दल को ताकत देने का काम करें, क्योंकि जो समाज अपनी ताकत को भूल जाता है वह हमेशा गुलाम रहता है।

उन्होंने कहा कि विहिप और बजरंग दल ने अयोध्या में बाबरी ढांचा ध्वस्त करके हिंदू समाज को 500 वर्ष की गुलामी से मुक्त कराया। कश्मीर में अलगाववादियों ने 1996 में अमरनाथ यात्रा बंद करने का प्रयास किया गया था, तब 2005 में बजरंग दल ने जत्थे भेजकर यात्रा को पुन: प्रारम्भ कराया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी, नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, अनिल ग्रोवर जिला संघ चालक, जिला संगठन मंत्री शिवकुमार, शलभ कुमार जिला मंत्री ने भी विचार व्यक्त किये

कार्यक्रम में महंत पूरनदास, महंत रामदास, अंकुर अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी, नगर अध्यक्ष अजय पिंटू, अनिल ग्रोवर, शिवकुमार, शलभ कुमार, डॉ. एनपी सिंह, विजय वर्मा, पुनीत गर्ग, सौरभ महेश्वरी, ईश्वर चंद शर्मा, लोकेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, शेखर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अंकुर अग्रवाल ने की व संचालन शलभ कुमार ने किया।

## गुरुनानक स्कूल के शिक्षकों को किया सम्मानित



**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर द्वारा शिक्षक दिवस पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल धामपुर में शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'शिक्षा उत्कृष्ट सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ. आदित्य अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, सचिव गुरदीप सिंह चावला, एसपी सलूजा ने शिक्षकों को समाज सेवा, नेतृत्व एवं समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

संस्था के अध्यक्ष गगनदीप सिंह ने कहा कि शिक्षक ज्ञान का दीप जलाकर मन में अज्ञानता का तिमिर मिटायें। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन अच्छा इंसान शिक्षक ही बनाता है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य समेत 19 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रोटरी क्लब के सदस्य सत्येंद्र चौधरी तथा शिवम नंदा की धर्मपत्नी सिंधी नंदा को भी शिक्षक दिवस पर गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, सतपाल चावला, डॉ. विकास अग्रवाल, तरुण शर्मा, मनीष गर्ग, संजय वर्मा, संदीप चौहान, डॉ. पुलकित माहेश्वरी,एसपी सलूजा, अनुपम अग्रवाल, अजीत चावला, प्रोजेक्ट चेयरमैन विवेक अग्रवाल, संस्था के अध्यक्ष गगनदीप सिंह, सचिव गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर आरपीएस पब्लिक स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम

**चंदक ( चिंगारी )।** आरपीएस पब्लिक स्कूल चंदक में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अध्यापकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक तपराज सिंह देशवाल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों को उपहार वितरित किए गए तथा उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया।



Hero
★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू
Hero
पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# बनाओ तो जानें!

सहारनपुर में कलक्ट्रेट स्थित पुरानी मस्जिद अवैध बताकर ध्वस्त कर दी गई। इससे पहले भी कभी घर तोड़े गये तो कभी दुकानें। रामपुर में आज़म खां द्वारा बनायी गई यूनिवर्सिटी भी बाल-बाल बची। तोड़ने का काम निरंतर जारी है। मस्जिद तो और भी बन जायेंगी, वैसे भी देश में मस्जिदों की क्या कमी। मगर मस्जिद के साथ जो भरोसा टूटा, वो कैसे जुड़ेगा। कभी आक्रांताओं ने मंदिर तोड़े थे, और लूटे भी थे। मगर क्या वे सनातन को तोड़ पाये। क्या हिन्दुओं की आस्था को खत्म कर पाये। क्या मंदिर बनने बंद हो गये? कुछ साल पहले अफगानिस्तान में तालिबान ने भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं और उनके स्थलों को नेस्तनाबूद कर दिया था। उनका भी हमला सिर्फ प्रतिमाओं पर नहीं था, एक संस्कृति पर भी था और सांस्कृतिक धरोहर पर भी। मगर क्या तालिबान की नापाक हरकतों से बुद्धिज्म खत्म हो गया। क्या बुद्ध के विचारों को तालिबान तोड़ पाये? क्या बुद्ध की प्रासंगिकता खत्म या कम हुई? इसी तरह मस्जिद तोड़ने से कुछ हासिल नहीं होगा, सिवाय इसके कि दूरियां बढ़ेंगी। तोड़ना ही है तो नफ़रत की दीवारों को तोड़ें। बुल्डोजर ही चलाना है तो अवैध जर्जर बिल्डिंग पर चलाओ। दिल्ली में क्या हुआ। अवैध रूप से चल रहे पीजी की बिल्डिंग गिर गई और उसमें दबकर कई छात्रों की मौत हो गई। उस बिल्डिंग को समय पर गिरा देते तो हादसा नहीं होता। गिराने के बजाए अगर बनाने और बचाने पर ध्यान दें तो देश के लिये बेहतर होगा। बिना गिराये ही जो पुल गिर रहे हैं, अगर उनको ठीक से बनाते तो गिरते नहीं। नये-नये हाईवे धंस रहे हैं, उनके निर्माण में अगर गुणवत्ता का ध्यान रखा गया होता तो यह हाल नहीं होता। क्या कह रहे हैं डिप्टी सीएम साहब, कि बनेंगे तो धंसेंगे और धंसेंगे तो बनेंगे। चलो अच्छा हुआ केशव प्रसाद जी ने भ्रष्टाचार की पोल खुद ही खोल दी। कोई विपक्षी नेता या पत्रकार खोलता तो उसे विकास विरोधी, राष्ट्र विरोधी, पता नहीं और क्या कहा जाता। बात दरअसल, यह है कि देश में इस समय नकारात्मकता का दौर चल रहा है। भाजपा और उसकी सरकार सोचती है कि मुस्लिमों के सेंटीमेंटस को छेड़ते रहो, हिन्दू खुश होंगे और इसी से चुनाव जीत जायेंगे। मगर हमें लगता है गंगा में काफी पानी बह चुका है। लोग समझ गये हैं कि सारा खेल राजनीति का है। सहारनपुर में मस्जिद को गिराये जाने से न मुस्लिम उत्तेजित हुए, और न हिन्दुओं को खुशी हुई। शांति व भाईचारा बनाये रखने के लिये दोनों सम्प्रदायों को सैल्यूट!

# करियर की अंधी दौड़ में हांफती युवा पीढ़ी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने हमारे सामने नई चुनौतियां पेश की हैं। वे बेहतर सहायक से ज्यादा तनाव के वाहक हैं। युवाओं में एआई के कारण नौकरियां जाने और खुद के अप्रासंगिक हो जाने का भय बैठ गया है। वे इस पूरे दृश्य को बहुत चिंता से देख रहे हैं। री-स्किलिंग का दबाव उन्हें गहरे भय में डाल रहा है। भारत युवाओं का देश है। जाहिर है ऐसे देश की चिंताएं बहुत अलग होती हैं। उसकी ज्यादातर आबादी को शिक्षा, रोजगार और सुंदर जीवन की कामना होती है। उनकी महत्वाकांक्षाएं, अवसरों की होड़ और दौड़। पाने की खुशी और न मिलने का आक्रोश सब साझा होते हैं। करियर में सफल होने, जल्दी और ज्यादा पाने की कामनाएं इस दौर का मूल्य हैं। ऐसे में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को गहरी चुनौती है। संकट के बादल गहरे हैं। समाधान के सूत्र न्यूनतम।

## बदलती कार्य संस्कृति

सरकारों में नौकरियों के दरवाजे सिकुड़ रहे हैं। ज्यादातर नौकरियां निजी क्षेत्रों में ही हैं। नौ से पांच बजे की पक्की नौकरियां अब स्वप्न ही हैं। उनकी जगह गिग इकोनामी (फ्री लांस, कॉन्ट्रैक्ट वर्क) ने ले ली है। आर्थिक स्वतंत्रता की तो छोड़िए यह माडल भविष्य की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता भी ला रहा है, जिसके नाते बढ़ता मानसिक तनाव और अवसाद संकट को गहरा कर रहा है। हिंदुस्तान अलग तरह से चलता रहा है। परिवार इसकी प्राणवायु रहे हैं। परिवार का कोई एक आदमी नौकरी पर रहता था, शेष अपने घर-इलाके-गांव में बैठकर स्थानीय स्तर पर जो कर सकते थे करते थे। परिवार की छाया में सुरक्षा थी, संरक्षण था, बच्चों को संस्कारित करने के पारिवारिक उपक्रम थे। नई व्यवस्था ने एक परिवार में कई परिवार खड़े कर दिये हैं। इससे एक की जगह अब चार परिवार, चार चूल्हे और चार व्यवस्थाएं खड़ी करनी पड़ रही हैं। आप कितना भी कमा रहे हैं वह कम ही है। इसने नई पीढ़ी को ईएमआई के दुष्चक्र में फंसाकर नई व्यवस्थाओं का गुलाम बना दिया है। परिवार व्यवस्था भारत की संस्कृति का आधार रही है। वह संस्कारशाला भी है।



## कार्य और जीवन का संतुलन

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने हमारे सामने नई चुनौतियां पेश की हैं। वे बेहतर सहायक से ज्यादा तनाव के वाहक हैं। युवाओं में एआई के कारण नौकरियां जाने और खुद के अप्रासंगिक हो जाने का भय बैठ गया है। वे इस पूरे दृश्य को बहुत चिंता से देख रहे हैं। री-स्किलिंग का दबाव उन्हें गहरे भय में डाल रहा है। इससे मानसिक थकान होना स्वाभाविक ही है। इस समय सबसे बड़ी चिंता कार्य और जीवन संतुलन की है। वर्क फ्रॉम होम और डिजिटल कनेक्टिविटी ने सारा कुछ बदलकर रख दिया है। काम के घंटे अब प्रायः 24 घंटे ही हैं। देर रात तक ई-मेल, रिपोर्ट्स और मैसेज का जवाब देते हुए युवा 'आलवेज ऑन' मॉड में रहते हैं, जिससे पारिवारिक जीवन, व्यक्तिगत समय और नींद सब प्रभावित हो रही है। बर्नआउट की बढ़ती दर, काम के अनिश्चित घंटे, स्पर्धा का वातावरण और टारगेट पूरे करने का दबाव साथ चलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने बर्नआउट को प्रोफेशनल बीमारी मान लिया है। यह अब भारतीय कारपोरेट जगत में एक अनिवार्य समस्या बन गयी है।

## सोशल मीडिया से बनती छवियां

सोशल मीडिया ने समाज में अलग तरह की स्पर्धा की छवियां प्रस्तुत की हैं। अपने सुखद, आनंद के क्षणों को वायरल करने की बीमारी दूसरे की पीड़ा का कारण बन जाती है। किसी की बड़ी पद स्थापना, उसकी पार्टियां, रील्स, पर्यटन की तस्वीरें, महंगी जीवनशैली का विज्ञापन करना, सफलताओं के हाइलाइट्स देखकर तुलना और स्पर्धा की बातें तेज होती हैं। इससे हीनभावना और तनाव का जन्म भी होता है। परिजन और बच्चे भी अपने पालकों से ऐसी ही जीवनशैली की अपेक्षा करते हैं। ऐसे समय में युवाओं के लिए तनाव प्रबंधन की विधियां समझने और उन्हें जीवन की ठोस सच्चाइयों से जोड़ने की जरूरत है। योग, ध्यान के अनेक अभ्यास जीवन में शांति ला सकते हैं। जिंदगी के हमारे दृष्टिकोण में परिवर्तन ला सकते हैं। रील्स की तुरंतवादी जीवनशैली और जीवन के सतत संघर्ष को समझने की जरुरत है। सोशल मीडिया से प्रक्षेपित हो रही छवियों से प्रभावित होने के बजाए, लोगों के संघर्ष और उससे उपजी सफलताओं के पाठ भी पढ़े जाने चाहिए।

## उद्यमिता और उसके जोखिम

नये समय ने युवाओं को उद्यमिता के गुर दिये हैं। यह पीढ़ी जोखिम उठाने और सफलताओं के नये शिखर छूने वाली पीढ़ी है। इसके मंत्र अलग हैं। वे जल्दी से सफलताओं के नये क्षितिज को छूना चाहते हैं। छू भी रहे हैं। कम आयु में उनकी सफलताएं विस्मित करने वाली हैं। उनके स्टार्टअप धूम मचा रहे हैं। सफलता की बड़ी कहानियां लिख रहे हैं। प्रेरित कर रहे हैं। इसके दूसरे पक्ष का विचार भी जरूरी है। हमें पता है कि 90 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप शुरुआती सालों में ही अन्यान्य कारणों से विफल हो जाते हैं। विफलता का डर, निवेशकों का दबाव, फंडिंग का संकट संस्थापकों और शुरुआती कर्मचारियों में मानसिक तनाव पैदा कर ही देता है।

इतने बड़े देश में हर साल लाखों युवा हाथ काम मांगने के लिए खड़े हो जाते हैं। उनके पास डिग्रियां भी होती हैं। किंतु वे कौशलयुक्त नहीं होते। वे डिग्रीधारी हैं किंतु किसी काम के नहीं हैं। बाजार की जरूरतें अलग हैं, उनके कौशल अलग हैं। ऐसे में बहुत योग्य लोगों को भी अपेक्षित नौकरी नहीं मिल पाती, अच्छे वेतन की तो जाने ही दीजिए। युवाओं के ज्यादातर संकट वास्तविक हैं। वे जानकारी से भरपूर हैं, उनके पास अवसरों का जनतंत्र है। आकांक्षाओं की बाढ़ है। वे सूचनाओं से लदे-फंदे हैं। यह ज्यादा सूचनाएं भी दुःख और भ्रम का कारण बन रही हैं। आकांक्षाओं का बड़ा आकाश उतनी ही गहरी निराशा लेकर लाता है। यह साधारण नहीं है कि आईआईटी के विद्यार्थी आत्महत्या कर रहे हैं। ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का अवसान उनके परिवार, देश और समाज के लिए भी बड़ी क्षति है। परीक्षाओं में मिलती असफलताएं, लीक होते प्रश्न-पत्र, परीक्षाओं की नष्ट होती शुचिता, सरकारी- प्रशासनिक तंत्र की कदाचार रोकने की विफलताओं ने युवाओं को गहरी चिंताएं दी हैं।

> **युवाओं के ज्यादातर संकट वास्तविक हैं। वे जानकारी से भरपूर हैं, उनके पास अवसरों का जनतंत्र है। आकांक्षाओं की बाढ़ है। वे सूचनाओं से लदे-फंदे हैं। यह ज्यादा सूचनाएं भी दुःख और भ्रम का कारण बन रही हैं। आकांक्षाओं का बड़ा आकाश उतनी ही गहरी निराशा लेकर लाता है। यह साधारण नहीं है कि आईआईटी के विद्यार्थी आत्महत्या कर रहे हैं।**

शिक्षा के निजीकरण और उससे उपजे बाजारीकरण ने हालात बहुत बदल दिये हैं। महंगी शिक्षा के लिए परिवार कर्ज में डूब रहे हैं। प्रतिभा पलायन का संकट तो है ही। समाज में यह बात बहुत गहरे पैठ रही है। इस देश में प्रतिभाशाली युवाओं की जगह नहीं बची है। यह तथ्य नहीं किंतु गहराई से फैलती धारणा है। आप बिना जुगाड़ के इस व्यवस्था में सफल नहीं हो सकते। किसी राष्ट्र जीवन में ऐसी धारणाएं ठीक नहीं हैं। हमें समझना होगा कि राष्ट्र से हम सबकी सामूहिक आकांक्षाएं, साझे प्रयासों से ही फलीभूत होंगी। भारत की आजादी के आठ दशक अभूतपूर्व प्रगति, एकत्व और जीवंत लोकतंत्र के प्रमाण हैं। हर राष्ट्र जीवन में चुनौतियां होती हैं, उससे जूझकर हम अपने संकटों का हल खोजते हैं। देश की युवा पीढ़ी भी अपने संकटों के बीच इस राष्ट्र जीवन के समक्ष उपस्थित प्रश्नों के ठोस और वाजिब हल जरुर तलाशेगी। युवा शक्ति की तेजस्विता, नवाचारों और आत्मविश्वास को देखकर यह विश्वास सहज ही होता है।

**- प्रो. संजय द्विवेदी**

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कल 13 घंटे बंद रहेगा खारी-झालू रेलवे फाटक

## सुबह 7 से रात 8 बजे तक ट्रैक की होगी मरम्मत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर के खारी-झालू रेलवे फाटक 9 सितंबर को रेलवे ट्रैक की मरम्मत के चलते बंद रहेगा। बिजनौर-नूरपुर रोड से खारी-झालू जाने वाले ग्रामीण मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग नंबर 49/सी पर सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक काम चलेगा। इस दौरान फाटक से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे ने फाटक बंद रखने के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें अनुरोध किया गया है कि मरम्मत कार्य के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों और अन्य यातायात को वैकल्पिक रास्ते से डायवर्ट किया जाए। रेलवे ने ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने और रेल यातायात की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने में प्रशासन से सहयोग मांगा है। फाटक बंद रहने के दौरान खारी-झालू और आसपास के गांवों से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना होगा।

## रेलवे क्रॉसिंग स. 496 चार दिन सड़क यातायात के लिये रहेगा बंद

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा से चंदक जाने के लिये शॉर्टकट के लिये प्रयोग होने वाले मार्ग पर पड़ने वाला रेलवे क्रॉसिंग संख्या 496 सी सड़क यातायात के लिये 9 सितंबर से 12 सितंबर तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। उक्त रेलवे क्रॉसिंग चंदक तथा सलेमपुर भट्टा के बीच में सुंगरपुर बेहड़ा-चंदक शॉर्टकट मार्ग पर ग्राम नाईवाला के सामने पड़ता है। खेतों के बीच से होकर जाने वाले उक्त मार्ग को क्षेत्र के ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा, सलेमपुर भट्टा तथा लालपुर सोजीमल के व्यक्ति चंदक जाने के लिये प्रयोग करते हैं। अन्य गांवों के जानकार व्यक्ति भी इस मार्ग का प्रयोग करते हैं। लक्सर (उत्तराखंड) के सीनियर सैक्शन इंजीनियर (रेल पथ) ने बताया कि उक्त मार्ग का रेलवे समपार संख्या 496 सी मेंटेनेंस कार्य किये जाने के कारण 9 सितंबर से 12 सितंबर तक सड़क यातायात लिये पूर्णतः बंद रहेगा। रेल विभाग ने उक्त रेलवे समपार से गुजरने वाले वाहन चालकों से दूसरे मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है।

## प्रगति चौहान ने उत्तीर्ण की यूजीसी-नेट परीक्षा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज हल्दौर बी.एल.एड. में अध्ययनरत रही छात्रा प्रगति चौहान ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षाशास्त्र विषय में जून 2026 की यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। प्रगति चौहान की इस उपलब्धि पर गहलौत कॉलेज परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज के अध्यक्ष ने कहा कि प्रगति चौहान की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। प्रगति चौहान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं निरंतर मेहनत को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

धमाका धमाका धमाका
पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में
कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें
हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**
गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

## हल्दौर की छात्राओं ने भारात्तोलन में किया शानदार प्रदर्शन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की छात्राओं ने भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्राओं ने जनपद एवं मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा रावी ने 69 किलोग्राम वर्ग में जनपद स्तर पर 60 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद मंडल स्तर पर भी 62 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विद्यालय की छात्रा कोमल ने 63 किलोग्राम वर्ग में जनपद स्तर पर 120 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मंडल स्तर पर 126 किलोग्राम वजन उठाकर शानदार प्रदर्शन किया। इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा मोनिका पाल ने 58 किलोग्राम वर्ग में जनपद स्तर पर 135 किलोग्राम तथा मंडल स्तर पर 140 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

## सेवा के साथ जागरूकता का संदेश दे रहा गोल्डन लायनेस बिजनौर समर्पण क्लब



### दो शिक्षिकाओं को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डेन लायनेस क्लब बिजनौर समर्पण की कनक जैन, सचिव प्रीति, खजांची दीपाली की ओर से शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. अंजू बंसल प्राध्यापिका हिन्दी विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर एवं डॉ. शुची शर्मा, सहायक अध्यापिका कम्पोजिट वि., इस्लामपुरदास,को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में डॉ. कृतिका, स्त्री रोग विशेषज्ञ के डी.एन.बी सरकारी अस्पताल के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर टॉक शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच, शुरुआती लक्षणों की पहचान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। क्लब ने ग्राम सिकंदरपुर निवासी दयावती को श्रवण यंत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में खुशबू कर्णवाल, सीमा, गुंजन, पायल, दीप्ति, अदिति, अंजलि, राशि, नीति, प्रियंका, एकता, सोनम, प्रीति, दीपाली उपस्थित रहे।

HONDA
₹5000* डाउन पेमेंट में होण्डा का कोई भी वाहन प्राप्त करें।
पुराने वाहन के बदले नयी होण्डा घर ले जाएं
आसान लोन व ऑफर्स के साथ
डाउन पेमेंट ₹ 5100#
एक्सचेंज बोनस ₹2000#
कैशबैक ₹10000#
कम किश्त ₹ 2499#


चौधरी होण्डा
स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 09 सितम्बर 2026**

**मेष-** आज दिन 3/15 बजे तक समय अशुभ, आहार विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य प्रभावी, हानि भी, शेष समय उन्नतिकारक, व्यापार में विस्तार, नवयोजना फलीभूत।

**वृषभ-** आज दिन 3/15 बजे तक समय अनुकूल, धनागम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, शेष समय प्रतिकूल, द्रव्य की क्षति, विरोधियों का वर्चस्व।

**मिथुन-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सामंजस्य।

**कर्क-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, वांछित सफलता का सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, दूर या समीप की यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

**सिंह-** आज दिन 3/15 बजे तक समय निराशाजनक, कार्यों में गतिरोध, एकाग्रता का अभाव, शेष समय में परिस्थितियां सुधार पर, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, नव उपलब्धि।

**कन्या-** आज दिन 3/15 बजे तक समय बेहतर, किसी योजना का श्रीगणेश, यात्रा का सुपरिणाम, शेष समय आशा के विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।

**तुला-** भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, दूर समीप की यात्रा का प्रसंग, वाहन सुख।

**वृश्चिक-** किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आकस्मिक लाभ का सुयोग, बकाए धन की प्राप्ति, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, भोग विलासिता की ओर रुझान, मन प्रसन्न।

**धनु-** आज दिन 3/15 बजे तक कठिनाइयां प्रभावी, दूसरों के चक्कर में स्वयं का नुकसान, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार-विमर्श, लाभार्जन का सुयोग।

**मकर-** आज दिन 3/15 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा असंतोषजनक।

**कुम्भ-** योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

**मीन-** व्यापारिक उन्नति में उपस्थित गतिरोध समाप्त, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# हर साल 11 हजार छात्रों को मिलेगी प्रतिष्ठित संस्थानों से निःशुल्क कोचिंग

## पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी ऑनलाइन उठायेंगे योजना का लाभ

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और बेहतर कैरियर अवसर उपलब्ध कराने के लिये उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 'मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना' का प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विधिवत शुभारम्भ किया। योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये तैयार कर उनके सपनों को आकार देना है।



मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु युवाओं के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण होता है। इस समय वह अपने कैरियर, रोजगार और भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं। ऐसे समय में उन्हें सही दिशा, मार्गदर्शन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पंख देने के लिये राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना' का शुभारम्भ किया है। इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष प्रदेश के राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत लगभग 11 हजार छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग दी जायेगी।

डॉ. रावत ने कहा कि योजना के तहत विद्यार्थियों को आईएएस, पीसीएस, एसएससी, रक्षा सेवाओं, बैंकिंग, रेलवे, नीट, सीएसआईआर एंड जेआरएफ, कैट व मैट सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा। इसके साथ ही छात्रों को रिकॉर्डेड लेक्चर, डिजिटल अध्ययन सामग्री, प्रश्न बैंक सहित अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पर्वतीय, दुर्गम एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण कोचिंग का समान अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें आर्थिक बोझ का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

## शुगर मिल में जमा हुआ इकड़ा व वर्षा का पानी, कर्मचारियों को हो रही भारी परेशानी

**धामपुर ( चिंगारी )।** वैसे तो मौसम विभाग ने 13 सितंबर तक इस वर्ष की मानसूनी वर्षा के पूरा होने की संभावना व्यक्त की है मगर पिछले तीन दिनों लगातार बड़ी वर्षा से धामपुर शुगर मिल के पास से गुजरने वाली इकडा नदी और वर्षा के पानी के शुगर मिल, केमिकल प्लांट में जमा हो जाने से मिल प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी हैं। धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मिल के पास से गुजरने वाली इकड़ा नदी के पानी की मिल से आगे निकासी ना हो पाने के कारण उसका पानी मिल में जमा हो गया जिससे शुगर मिल के प्रशासनिक भवन, शुगर मिल कॉलोनी, केमिकल प्लांट परिसर में पानी एकत्र होने से कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वर्षा का पानी धामपुर शुगर मिल के चीनी गोदाम तक नहीं पहुंच पाया वरना भारी नुकसान होने की संभावना थी। उन्होंने जिला प्रशासन से इकडा नदी के पानी की निकासी कराई जाने की मांग की है।



धामपुर शुगर मिल में जमा पानी।

## वर्षा के कारण नौरंगाबाद में दो मकान खाली गिरे

**धामपुर ( चिंगारी )।** लगातार हो रही वर्षा अब गरीबों पर कहर बनकर टूटने लगी है इसी के चलते रविवार की रात ग्राम नौरंगाबाद में होली चौक पर दो कच्चे मकान गिर गए। गनीमत यह रही कि यह दोनों मकान खाली पड़े हुए थे और इनमें रहने वाले परिवार किराये के मकान में रह रहे थे। जानकारी के अनुसार एक मकान सीमा पत्नी सुखेंद्र सिंह व दूसरा मकान राजेश्वरी पत्नी नरेश कुमार का है। बताया जाता है कि यह दोनों परिवार किसी अनहोनी की आशंका के चलते हुए किराये के मकान में जाकर रहने लगे थे। ग्राम प्रधान ने मकान गिरने की सूचना राजस्व विभाग को दे दी है।

## आमजन के मुद्दों पर करें गौर निष्पक्ष पत्रकारिता पर दिया जोर

### प्रेस क्लब किरतपुर की बैठक सम्पन्न

**किरतपुर ( चिंगारी )।** प्रेस क्लब किरतपुर की बैठक में जनसरोकार से जुड़े मुद्दे उठाने तथा निष्पक्ष पत्रकारिता पर जोर दिया गया। प्रेस क्लब के कार्यालय पर अध्यक्ष ऋतुज शर्मा की अध्यक्षता व महामंत्री हसन अली चौधरी के संचालन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए क्लब के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान ने कहा कि पत्रकार जनसरोकारों से जुड़े मुद्दे उठायें। जनहित में अपनी कलम चलाएं। सभी समाचार तथ्यपरक व निष्पक्ष हों। पत्रकार निर्भीक रहकर अपना कार्य करें, जिससे उनकी तथा पत्रकारिता की छवि धूमिल न हो। बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था व जगह-जगह जलभराव को लेकर चिंता व्यक्त की गई और इस संबंध में एक ज्ञापन देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में नगीना मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज की भी मांग की गई। इस संबंध में भी रेल मंत्री को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में गौतम सिंह, सुधीर कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार, दिलशाद अलवी, शरीफ मलिक, वेदव्रत वेणु आदि की उपस्थिति रही।

## एचआईवी को लेकर जागरूक हों महिलाएं, भ्रांतियों से बचें!

### उत्तराखंड में 50 से अधिक महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण

**देहरादून ( चिंगारी )।** एचआईवी संक्रमण को लेकर जागरूकता बढ़ाने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने समुदाय स्तर पर सक्रिय महिलाओं को प्रशिक्षित किया। उत्तराखंड राय एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से रानीपोखरी स्थित सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) में आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन मीटिंग में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचीं सीबीओ और एनजीओ से जुड़ी 50 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में महिलाओं को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों, जांच, उपचार और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की जानकारी दी गई।




कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की सहयोगी संस्था अभिव्यक्ति सोसाइटी ने किया। विभागीय प्रशिक्षक चंद्रकांता ने प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स से जुड़ी वैज्ञानिक एवं सही जानकारी देते हुए कहा कि संक्रमण की स्थिति का पता लगाने के लिए समय पर जांच बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के एकीकृत परामर्श एवं जांच केंद्र (आईसीटीसी) और माता से बच्चे में एचआईवी संक्रमण की रोकथाम से जुड़े पीपीटीसीटी केंद्रों पर एचआईवी जांच और परामर्श की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। प्रशिक्षण में एचआईवी को लेकर समाज में मौजूद भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ भेदभाव के बजाय सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। साथ ही समुदाय में जागरूकता फैलाने और लोगों को जांच व उपचार की उपलब्ध सरकारी सुविधाओं तक पहुंचाने में सीबीओ और एनजीओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

# दुष्कर्म के झूठे मुक़दमे लिखवाकर रकम ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## 3 महिलाओं सहित 5 गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस ने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे लिखवाकर मोटी रकम ऐंठने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना जुल्फिकार उर्फ़ बब्बू लंगड़ा, उसके खास चेले अफ़ज़ाल व 3 महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस को ये बड़ी कामयाबी उस समय मिली जब जल निगम के जेई मुहम्मद अहसान ने एसपी केके बिश्नोई को अपने खिलाफ लिखाये गये दुष्कर्म के एक झूठे मुक़दमे की कहानी सुनाई।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी केके विश्नोई व एएसपी गौतम राय ने गिरोह के पकड़े जाने का खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में ऐसे गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं, जो जमीनी विवादों व अन्य झगड़ों का फैसला कराने के लिये महिलाओं से दुष्कर्म के झूठे मुकदमे लिखवाता है और फिर मोटी रकम लेकर फैसला करा देता है और लिखाये गये मुकदमों में एफआर लगवा देता है। एसपी केके विश्नोई ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान कई लोगों ने गिरोह की शिकायत की। मूल रूप से भागूवाला के रहने वाले जेई मो. अहसान ने भी एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि उसके गांव का अफ़ज़ाल पुत्र कफील उससे रंजिश रखता है। अफजाल उक्त गिरोह के सरगना बब्बू लंगड़े का खास चेला है। उसने जेई को फंसाने के लिए बब्बू लंगड़े से बात की। बब्बू लंगड़े ने गिरोह में शामिल महिलाओं से बताया कि एक मुर्गा है, जिसका शिकार करना है। योजनानुसार गिरोह के सदस्यों ने जेई व उसके परिवार के लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस के अनुसार इस गिरोह ने अमरोहा व बिजनौर के विभिन्न थानों में करीब 11 झूठे मुक़दमे लिखाये हैं। बब्बू लंगड़े के गिरोह में अनेक लोग हैं, जिनमें कई महिलायें भी हैं। एएसपी गौतम राय ने गिरोह के सम्बंध में गहनता से जांच की तो कई सफेदपोशों के नाम भी सामने आये। फिलहाल पुलिस ने गिरोह के बब्बू लंगड़ा निवासी जन्नत कॉलोनी चांदपुर की चुंगी बिजनौर, अफ़ज़ाल निवासी भागूवाला थाना मंडावली, गुड्डी पत्नी मूलचंद निवासी लडापुरा, बिजनौर, कुंती पत्नी ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला कस्साबान बी-2 बिजनौर व प्रीति पुत्री वीरेंद्र पत्नी अंकित निवासी बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।



### गिरोह ऐसे करता था काम

एएसपी गौतम राय ने बताया कि गिरोह के सदस्य विभिन्न व्यक्तियों के आपसी विवाद, पुरानी रंजिश एवं अन्य प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें प्रभाव में लेकर सुनियोजित ढंग से उस पर दबाव बनाते थे। गिरोह के सदस्य लोगों से बताते थे कि वे उनके विवाद का चुटकी बजाते ही फैसला करा देते हैं। इसके बदले गिरोह डेढ़ से 3 लाख रुपये तक वसूल करते थे। पैसे लेने के बाद गिरोह में शामिल महिलाएं दुष्कर्म का मुकदमा लिखा देती थी। पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं करती थी तो गिरोह के लोग न्यायालय के माध्यम से मुकदमा दर्ज करा देते थे।

### 6 महिलाओं के नाम सामने आये

**जांच के दौरान फिलहाल गिरोह में 6 महिलाओं के शामिल होने का पता चला है। पुलिस के अनुसार गिरोह में और भी महिलाएं हो सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि गिरोह में कुछ सफेदपोश भी शामिल हैं, जिनकी जांच की जा रही है।**

### एक-एक को पकड़ा जायेगा

एसपी केके विश्नोई ने जोर देकर कहा कि गिरोह में शामिल सभी लोगों को एक-एक कर पकड़ा जायेगा। जैसे-जैसे लोगों के गिरोह में शामिल होने के पुख्ता सुबूत मिलते जायेंगे, वैसे-वैसे गिरफ्तारियां होती जायेंगी। एसपी ने कहा कि किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली

## शिक्षकों एवं कर्मचारियों से शामिल होने का किया आह्वान

**बिजनौर (चिंगारी)।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर 25 सितंबर को लखनऊ में होने वाली पेंशन महारैली की सफलता को लेकर इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में विभिन्न विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों की सिंचाई विभाग में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष अब निर्णायक दौर में है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। 25 सितंबर को प्रदेश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद हो लखनऊ कूंच करेंगे। जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा। भंडार पाल कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सुहेल बेग एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी, प्राथमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) जिलाध्यक्ष सुधाकर कुमार ने 25 सितंबर लखनऊ में होने वाली महारैली में समर्थन देते हुए बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से शामिल होने का आह्वान किया।








# एनसीसी 'बी' व 'सी' सर्टिफिकेट के लिए 52 कैडेट चयनित

## वर्धमान कॉलेज में हुई एनसीसी भर्ती प्रक्रिया, 174 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में सोमवार को एनसीसी के 'बी' व 'सी' सर्टिफिकेट के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। 30 यूपी बटालियन एनसीसी, बिजनौर के कर्नल रोहिताश शर्मा के निर्देशन में आयोजित भर्ती में कुल 174 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान 'बी' सर्टिफिकेट के लिए 52 छात्र एवं 72 छात्राओं, जबकि 'सी' सर्टिफिकेट के लिए 46 छात्र एवं 4 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शारीरिक परीक्षा के अंतर्गत सबसे पहले अभ्यर्थियों की लंबाई एवं वजन मापा गया। इसके बाद पुश-अप, सिट-अप तथा 1600 मीटर दौड़ कराई गई। शारीरिक परीक्षा के बाद लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया। भर्ती प्रक्रिया के उपरांत कुल 52 छात्र-छात्राओं का 'बी' एवं 'सी' सर्टिफिकेट के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर बटालियन से जेसीओ दिल कुमार राय, बलविंदर सिंह, हवलदार मुकेश सिंह बिष्ट एवं जीसीआई शिवांगी ने चयन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना एवं एनसीसी प्रभारी कैप्टन जे.के. विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा हेतु भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के उनके प्रयास की सराहना की।



# डीयू छात्रों के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था करे सरकार- चंद्रशेखर

नगीना (चिंगारी)। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पर्याप्त और सुरक्षित हॉस्टल की व्यवस्था नहीं होने को लेकर नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर छात्र बहुल इलाकों में संचालित पीजी की सुरक्षा व्यवस्था का तत्काल ऑडिट कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपनी पोस्ट में कहा कि देशभर से सपने लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय आने वाले छात्रों के लिए सुरक्षित छत तक उपलब्ध नहीं है। करीब सात लाख छात्रों के लिए लगभग सात हजार हॉस्टल सीटें होना गंभीर चिंता का विषय है। हर वर्ष 70 हजार से अधिक नये दाखिले होने के बावजूद हॉस्टल क्षमता उस अनुपात में नहीं बढ़ाई जा रही है। इसके चलते



हजारों छात्र महंगे और कई बार असुरक्षित पीजी तथा किराये के मकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत गिरने से दो छात्रों समेत पांच लोगों की मौत का उल्लेख करते हुए भवन निर्माण और सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि जब इमारत को पहले खाली कराया गया था तो कुछ समय बाद उसमें दोबारा पीजी कैसे शुरू हो गया। जर्जर भवन में छात्रों के रहने की अनुमति किसकी निगरानी में मिली और बिना सुरक्षा जांच के बेसमेंट में निर्माण कार्य कैसे शुरू हुआ, इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र बहुल इलाकों में भवन सुरक्षा, फायर एनओसी और नियमों के पालन की जिम्मेदारी केवल दिल्ली विश्वविद्यालय की नहीं, बल्कि एमसीडी, पुलिस और अग्निशमन विभाग की भी है। उन्होंने संबंधित विभागों से सभी पीजी का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराने और लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की।



बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

# अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**नगीना (चिंगारी)।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 35वें स्थापना वर्ष के अवसर पर नगीना बार एसोसिएशन के सभागार में परिषद की स्थानीय कमेटी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद की नीतियों व कामकाज पर प्रकाश डाला गया। सोमवार की दोपहर नगीना बार एसोसिएशन के सभागार में एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता जयकिशन शर्मा की अध्यक्षता व महासचिव मौ.नईम की मुख्य उपस्थित में अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व मुख्य अतिथि राखी एडवोकेट ने विस्तृत रूप से परिषद के कार्य व उद्देश्य पर चर्चा की। इस अवसर पर परिषद से जुड़े वक्ताओं ने बताया कि आज देशभर में हजारों सदस्य हैं, जो परिषद के मूल उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं। परिषद का मकसद अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं, बल्कि शोषित व किसी भी वजह से न्याय से वंचित लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। परिषद के नगीना संयोजक अंबरीश कुमार के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से राखी एड., देवेन्द्रपाल एड., आनंद जंघाला एड., प्रीति चौहान एड., मो.नईम एड., फरीद अहमद ख़ान एड., प्रमोद शर्मा एड. एवं परिषद के सहसंयोजक पंकज कुमार एड. व विपिन कुमार बिश्नोई एड., नवनीत कुमार एड., अजय कुमार एड., क्षितिज कुमार आदि मौजूद रहे।

# डेयरी बंद कर लौट रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला

## 31 हजार रुपये छीनने का आरोप

नगीना (चिंगारी)। रात में दूध की डेयरी बंद कर घर लौट रहे युवक को रास्ते में दो युवकों ने घेर लिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए धारदार हथियार से उसके सिर पर हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर थैले में रखे 31 हजार रुपये छीनने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने रूपये छीने जाने के आरोपों को गलत बताया है।

ग्राम फतेहपुर निवासी शुभम कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रात में अपनी दूध की डेयरी बंद कर घर जा रहा था। काली मंदिर के पास पहुंचने पर दो युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने उसके पास रखे 31 हजार रुपये भी छीन लिए। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। शुभम ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। उधर, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी का कहना है कि मामले में आरोपियों के खिलाफ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उनका कहना है कि रुपये छीने जाने के लगाए गए आरोप पूरी तरह गलत हैं।

# मुंसफी परिसर में पेड़ पर दिखा सांप, मची अफरा-तफरी

नगीना (चिंगारी)। सोमवार दोपहर अचानक मुंसफी परिसर में एक पेड़ पर सांप दिखाई देने से लोगों में हलचल मच गई। सांप को पेड़ पर लिपटा देखकर मौके पर मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। वन विभाग के दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया है।


ATHER
असली इलेक्ट्रिक
एथर इलेक्ट्रिक/
अब बिजनौर में।
ADD. DHRUVIKA MOTORS LLP ANKUR HEIGHTS OPP. I.O.C. PETROL PUMP KIRATPUR ROAD (BIJNOR)
Mob. 9240083911




अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761
मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ी

## पानी बढ़ने से हस्तिनापुर जाने वाला मार्ग बाधित





**बिजनौर (चिंगारी)। जलीलपुर गंगा खादर क्षेत्र के ग्रामीण व किसानों की गंगा के पानी ने एक बार फिर परेशानी बढ़ा दी है। ग्रामीणों की फसलों का पहले ही पानी नहीं उतरा था, लेकिन एक बार फिर चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग, पांडव नगर चौकी नारनौर मेहनती पुल के पास सड़क पर लगभग 2 फीट पानी चल रहा है। इस वजह से ग्रामीणों और किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दत्तियाना और हस्तिनापुर मार्ग बाधित हो गए हैं। रास्ता ट्रैक्टर या बाइक पर बैठकर पार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गांव के कुछ बच्चे गंगा नदी के पानी में नहाकर मौज-मस्ती कर रहे हैं।**

## तटबंध बनाने की मांग को लेकर चल रहे धरने की समाप्ति ने लिया नया मोड़

जलीलपुर क्षेत्र में गंगा नदी पर तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर एक नया मोड़ आ गया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के किसानों ने जबरन धरना समाप्त करने का आरोप लगाकर एक मीटिंग का आयोजन किया। चांदपुर-हस्तिनापुर नारनौर पांडव नगर पुलिस चौकी के पास धर्म कांटे पर गंगा नदी पर तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्वक 16 दिनों से चल रहे धरने के आयोजकों द्वारा प्रशासन से वार्ता के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था, लेकिन धरने पर बैठे किसानों को नहीं पता था कि कमेटी के कुछ लोगों ने प्रशासन से किस बात का समझौता किया और रात्रि में ही धरने को समाप्त कर दिया गया था। धरने पर मौजूद किसानों ने धरना समाप्त होने की बात को स्वीकार न करते हुए नाराजगी व्यक्त की और पुलिस पर जबरन किसानों का धरना समाप्त करने का भी आरोप लगाया। इस बैठक की अध्यक्षता लुधियान सिंह की रही। संचालन शीशपाल सिंह का रहा। कालू टिकैत, राजवीर सिंह, जगराम सिंह, जसविंदर सिंह, निरबैर सिंह, अनिल सिद्धू, हेमेंद्र फौजी आदि किसान मौजूद रहे। किसानों का कहना है जल्द ही धरने का समय और तिथि स्थान की घोषणा कर दी जाएगी। किसान अपनी हार न मानें और दोबारा गंगा नदी पर तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर धरना दिया जाएगा।



# साक्षरता : बदलाव की पहली सीढ़ी

### -अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विशेष


आज 8 सितंबर है यानी अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस। ये दिन हमें याद दिलाता है कि साक्षरता केवल अक्षरों को पहचानने और अपना नाम लिख लेने तक सीमित नहीं है। साक्षरता व्यक्ति को समझने, सोचने, निर्णय लेने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की शक्ति देती है। वास्तव में साक्षरता आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की पहली सीढ़ी है।

### शिक्षा से बढ़ता है आत्मविश्वास

निरक्षर व्यक्ति को जीवन के छोटे-छोटे कार्यों में भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। बैंक का फार्म भरना हो, कोई सरकारी पत्र पढ़ना हो, दवा की जानकारी समझनी हो या मोबाइल पर आया जरूरी संदेश पढ़ना हो- उसे किसी की सहायता लेनी पड़ती है।

इसके विपरीत जब कोई व्यक्ति पढ़ना-लिखना सीखता है तो उसके भीतर आत्मविश्वास पैदा होता है। वह कह सकता है- अब मैं अपने काम खुद कर सकता हूँ। यही साक्षरता की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### महिला साक्षरता का विशेष महत्व



महिला साक्षरता किसी एक व्यक्ति को शिक्षित करने तक सीमित नहीं रहती। एक शिक्षित महिला अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के प्रति अधिक जागरूक होती है। वह परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। इसलिए किसी महिला को साक्षर बनाना केवल एक व्यक्ति को शिक्षा देना नहीं, बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ी को मजबूत बनाना है।

### बच्चों की बुनियादी शिक्षा जरूरी

देश का भविष्य बच्चों के हाथों में है, इसलिए प्रत्येक बच्चे का विद्यालय पहुंचना जितना ज़रूरी है, उससे भी अधिक जरूरी है कि वह वास्तव में सीख रहा हो। बच्चे पढ़ सकें, लिख सकें, समझ सकें और अपने विचार व्यक्त कर सकें-यही शिक्षा की वास्तविक सफलता है।

### व्यस्क साक्षरता भी जरूरी

हमारे समाज में आज भी ऐसे अनेक लोग हैं जिन्हें बचपन में शिक्षा का अवसर नहीं मिल सका। गरीबी, पारिवारिक परिस्थितियों या अन्य कारणों से वे विद्यालय नहीं जा पाए। इसका अर्थ यह नहीं कि उनके लिए सीखने के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। यदि कोई व्यक्ति जीवन के किसी भी पड़ाव पर पढ़ना-लिखना सीखना चाहता है तो समाज को उसका उपहास नहीं, बल्कि सहयोग करना चाहिए।

### डिजिटल युग में नई जिम्मेदारी

आज सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाएं बहुत तेजी से फैलती हैं। ऐसे में हर संदेश को सत्य मान लेना खतरनाक हो सकता है। साक्षर और जागरूक नागरिक वही है जो सूचना को समझे, उसके स्रोत पर विचार करे और सत्यापन के बाद ही उसे आगे बढ़ाए।

### साक्षरता बने जनआंदोलन

साक्षरता की जिम्मेदारी केवल सरकार या विद्यालयों की नहीं है। समाज का प्रत्येक साक्षर व्यक्ति इसमें योगदान दे सकता है। हम अपने आसपास किसी ऐसे व्यक्ति को पढ़ना-लिखना सिखा सकते हैं, जिसे शिक्षा का अवसर नहीं मिला। शिक्षक, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन और स्वयंसेवक मिलकर व्यस्क साक्षरता को जनआंदोलन बना सकते हैं। यदि प्रत्येक साक्षर व्यक्ति कम-से-कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प ले, तो परिवर्तन की यह छोटी-सी शुरुआत बहुत बड़ा रूप ले सकती है।



**-डॉ. अतीक दानिश**
**स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार**

# शिक्षकों का हित मेरे लिये सर्वोपरि- ढिल्लो

## ब्लॉक स्तरीय प्रबंधक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित




**बिजनौर/हल्दौर (चिंगारी)।** बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी डॉ.हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में विकास क्षेत्र हल्दौर में प्रबंधक शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने विधान परिषद में शिक्षक हेतु उठाए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

बिजनौर में कृष्णा डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रबंधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों का आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समय पर निस्तारण कराया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी तथा वर्तमान शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के कार्यों की सराहना की तथा शिक्षकों से उनका सहयोग करने का आह्वान किया। भाजपा प्रत्याशी व शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने शिक्षक हित में किए गए कार्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक हितों के लिए वह हर संभव कार्य करते रहे हैं। उन्होंने जिले के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों से मिल रहे समर्थन की सराहना की।

इस मौके पर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह तोमर, सीबीएसई बोर्ड के डॉ. अनुज त्यागी, महाविद्यालय संगठन की ओर से डॉ. संदीप शर्मा, पवन चौहान आदि ने खुला समर्थन देने की घोषणा की। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी ने सभी शिक्षकों, प्रबंधकों व भाजपा के कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर व विद्यालय स्तर पर कार्य करने को कहा। कार्यक्रम के संयोजक नगर पंचायत झालू के अध्यक्ष चौधरी लोकेंद्र सिंह, सहसंयोजक प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने सभी शिक्षकों, प्रबंधकों का आभार जताया।

इस मौके पर हल्दौर नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार,ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, प्रबंधक प्रसून चौधरी एडवोकेट, डॉ. बीरबल सिंह, शोभित त्यागी, चौधरी धीर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष सिंह, हेमेंद्र चौधरी, मास्टर गिरिराज सिंह, श्रीमती खुशबू कर्णवाल, डॉ.सीमा शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, प्रबंधक जितेंद्र चौधरी, सेवा सिंह ढिल्लो, मलखान सिंह, नरेश चौधरी, रामअवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह, श्रीमती स्वाति सिंह, पुष्पेंद्र शेखावत, जितेंद्र चौधरी आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी व संयोजक अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने सुभाष, समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं में उल्लास

**बिजनौर (चिंगारी)। श्री सुभाष बाल्मीकि का बाल स्वयं सेवक से लेकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तक का सफर बहुत संघर्षपूर्ण रहा है। भाजपा में साधारण कार्यकर्ता को भी समुचित सम्मान दिये जाने की संस्कृति का सुभाष बाल्मीकि जीवंत उदाहरण है। सुभाष बाल्मीकि ने भी पूर्ण निष्ठा और अथक परिश्रम से पार्टी की जड़ें को सींचा है। वे एकदम नीचे से चलकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के गौरवपूर्ण पद तक पहुंचे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में पार्टी की उपलब्धियों में इजाफा करने वाले सुभाष बाल्मीकि को क्षेत्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पद मिलने से उनके समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता गद्‌गद् हैं।**

## कई संस्थानों ने किया स्वागत



**भ्रष्टाचार विरोधी मंच के अध्यक्ष के. के. रंजन, कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष भंडारी, महामंत्री आशाराम भारती, संयुक्त मंत्री सरोवर लाल सोढी, सफाई कर्मचारी युनियन के उपाध्यक्ष राहुल गोडियाल, नीरज गोडियाल, राजेन्द्र सिंह सोढी आदि ने बुके देकर सुभाष बाल्मीकि को सम्मानित किया और उनके क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नामित होने पर खुशी जाहिर की।**



क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनने पर सुभाष बाल्मीकि के स्वागत और सम्मान का सिलसिला जारी है। नगर के अम्बे विहार में आयोजित अभिनंदन समारोह में कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र पाल योगी, सह संयोजक सुरेन्द्र पाल भोलू तथा विनय राणा, प्रदीप कुमार अग्रवाल, इन्द्रराज सिंह, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, राहुल शर्मा, जितेन्द्र पाल, बिजेन्द्र पाल, लक्ष्मण धनगर, रजत शर्मा, रोहित आशियाना, मुकेश कुमार, गौरव कुमार, रामगोपाल धनगर, रोबिन चौधरी, विकास अग्रवाल आदि ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।



इसी क्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी बिजनौर द्वारा सुभाष बाल्मीकि को भाजपा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नामित किये जाने पर सीएमओ कार्यालय परिसर स्थित संघ भवन में पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में टीकम सिंह सेंगर चेयरमैन, डा. सुबोध चन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष, योगेन्द्र पाल योगी मीडिया प्रभारी, रोबिन सिंह डायरेक्टर, योगेश ठाकुर डायरेक्टर, भुवन पांडेय, दीपक कुमार, के. के. शर्मा, विनय राणा आदि रहे।

**KRISHNA COLLEGE OF SCIENCE & INFORMATION TECHNOLOGY**
Noorpur Road, BIJNOR-246701 (U.P.)
**IMMEDIATELY REQUIRES**
**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1. B.Ed.
2. M.Ed.
Qualification : As per NCTE/State Govt. Norms
*Please apply within Twenty One days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at*
**krishnacollegebijnor@gmail.com**

# वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम गिलाड़ी में जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंडर-19 में सार्थक, सत्यम, हर्षदीप और जीत ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वेटलिफ्टिंग अकादमी गिलाड़ी में आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभात कुमार जीआईसी बिजनौर ने हनुमान के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया। खिलाड़ियों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया। भारोत्तोलन संघ के जिला सचिव व कोच करन सिंह ने बताया कि अंडर 17 में अरनव लामियान, सूर्य, हेमन्त, अक्षित, आरव, वंश, निकुंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विराज, रचित, आराध्य, नैतिक, मीत, सम्राट अंश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 में सार्थक, सत्यम, हर्षदीप और जीत ने प्रथम स्थान, निखिल, वंश ने द्वितीय व अर्श ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपस्थित अतिथियों द्वारा स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य निर्णायक रेफरी सुशांत निर्वाल रहे। इस अवसर पर प्रभात कुमार जीआईसी बिजनौर, वासु त्यागी, नितिन पंवार, वरुण चौधरी, सतेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भगवान से भी नहीं डरे चोट्टे, मंदिरों से चुरा ले गये घंटे, कलश, नागदेवता और लोटे

**मंडावर ( चिंगारी )।** अधर्मी चोरों ने कई मंदिरों में चोरी कर सनसनी फैला दी। दिन-रात शांति सुरक्षा में जुटी पुलिस को खुली चुनौती दी है। प्राचीन कालंद्री देवी मंदिर सहित कई मंदिरों में कीमती पीतल के घंटे, कलश, तांबे के नागदेवता और जलपात्र (लोटे) चोरी हो गए। जिससे हिंदू समाज में तीव्र रोष व्याप्त है।

शातिर चोर मंडावर के मंदिरों को अपना निशाना बना रहे हैं और एक मंदिर के बाद दूसरे मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। कस्बे के दक्षिण पश्चिम में स्थित प्राचीन मां कालंद्री देवी मंदिर के बराबर में स्थित शिव मंदिर में पीतल का 11 किलो का घंटा, पीतल का बड़ा कलश, तांबे का जलपात्र (लोटा) और तांबे का भारी नागदेवता चोरी कर ले गए। इससे पहले भी बदमाश मंदिर के पुजारी त्रिलोक सिंह सैनी और एक अन्य भगत को मारपीट कर कमरे में बंद करके मंदिर में कीमती सामान लूट


मंदिर से गायब कलश व नागदेवता।

कर ले गये थे। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी लूटपाट का खुलासा नहीं हो पाया था। इसके बाद अब फिर घंटा, कलश और नागदेवता और जलपात्र चोरी होने से हड़कंप मच गया है।

इतना ही नहीं, शातिर चोरों ने कस्बे के मौहल्ला बाजार कलां झंडा पार्क में स्थित हनुमान धाम में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुजारी शर्मानंद जोशी के अनुसार रविवार की शाम सात बजे के आसपास कोई चोर मंदिर से तांबे के दो नागदेवता चोरी कर ले गया। मौहल्ला अफगानान की जोशियान बस्ती में स्थित शिव मंदिर को भी चोरों ने निशाना बनाया है। यहां भी चोर तांबे के नाग देवता को चोरी कर ले गये। ऐसे ही मौहल्ला ब्रह्मनान में बड़े शिव मंदिर पर शिव लिंग पर रखें तांबे के नागदेवता को चोरी कर लिया गया। चोरों द्वारा मंदिरों को निशाना बनाने से हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मंदिरों में चोरी की घटना उनके संज्ञान में नहीं है, अगर हुआ है तो सीसीटीवी व स्थानीय लोगों की मदद से जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## किरतपुर में गोदाम से तांबा व पीतल चुराया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** गत रात्रि एक गोदाम से लगभग 50 हजार का तांबा व पीतल चोरी हो गया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार मंडावर रोड पर फरमान खान का गोदाम है। गत रात्रि दो व्यक्ति पीछे की तरफ दीवार पर से कूद कर आए और वहां रखा तांबा, पीतल तथा दो बैटरे चुराकर ले गए। चोरों ने गोदाम में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी चुरा कर ले गए। आज सुबह दुकानदार में आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो दो युवक कंधे पर बोरे में सामान भरकर ले जाते दिखाई दिये।



## 12 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, सुलह-समझौते से होगा वादों का निस्तारण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 12 सितंबर 2026 को जनपद न्यायालय बिजनौर सहित जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन तथा न्यायालयों में लंबित समझौतायोग्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निःशुल्क एवं त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, राजस्व वाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन-भत्ते तथा अन्य दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों का निस्तारण किया जाएगा। सचिव ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करा सकते हैं। इससे समय और धन की बचत होने के साथ अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया से भी राहत मिलेगी। उन्होंने सभी वादकारियों से अपील की कि वे 12 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निस्तारण कराएं और इस जनहितकारी व्यवस्था का लाभ उठाएं।




## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष 10 को करेंगी महिला जनसुनवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्षा विजया राहटकर 10 सितंबर 2026 को जनपद बिजनौर के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह विकास भवन सभागार में दोपहर 12 बजे से अपराह्न दो बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विमल कुमार चौबे ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा के जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद महिला जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रार्थना-पत्रों एवं शिकायतों पर संबंधित विभागों और अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। महिला जनसुनवाई के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की जाएगी। बैठक में महिलाओं से संबंधित मामलों एवं उनके समाधान की प्रगति की समीक्षा किए जाने की संभावना है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की पीड़ित एवं समस्याग्रस्त महिलाओं से अपील की है कि वे महिला जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायत एवं प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकती हैं, ताकि संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनके मामलों के निस्तारण की कार्रवाई कराई जा सके।



## मुनिदेव शर्मा सपा की राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के वरिष्ठ नेता मुनिदेव शर्मा को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने मनोनयन पत्र में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से श्री मुनिदेव शर्मा को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया। बता दें कि मुनिदेव शर्मा को बिजनौर जिले की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। यूथ कांग्रेस से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले मुनिदेव शर्मा एक दशक से भी



अधिक समय तक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे। राष्ट्रीय लोकदल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में काम किया। बाद में वह कुछ समय के लिये भाजपा में भी रहे। कुछ माह पूर्व वह सपा सांसद कुंवरानी रूचि वीरा की प्रेरणा से सपा में शामिल हो गये। मुनिदेव शर्मा को राजनीति की गहरी समझ है। उनके राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किये जाने से सपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। मुनिदेव शर्मा ने अपने मनोनयन के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल का आभार व्यक्त किया।

## बिजनौर में हरित ऊर्जा को मिलेगी रफ्तार

**CBG, बायोफ्यूल और जैविक उर्वरक क्षेत्र में चार बड़ी परियोजनाओं का प्रस्ताव, करीब 360 लोगों को मिलेगा रोजगार**

### 375 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में निवेश को बढ़ावा देने और स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के जिला प्रशासन के प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG), बायोफ्यूल, बायोमास और जैविक उर्वरक के क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ी है। इसी क्रम में जनपद में स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित चार महत्वपूर्ण निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 375 करोड़ रुपये के निवेश के साथ करीब 360 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। प्राप्त प्रस्तावों में Green Ventures LLP द्वारा छह टीपीडी क्षमता के CBG प्लांट की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। इससे करीब 30 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।




इसी तरह Energy Dynamics Pvt. Ltd. द्वारा कृषि अवशेष एवं प्रेस-मड जैसे मिश्रित फीडस्टॉक पर आधारित 25 टीपीडी क्षमता के CBG प्रोजेक्ट तथा फीडस्टॉक कलेक्शन सेंटर स्थापित करने के लिए 250 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव किया गया है। इस परियोजना से लगभग 150 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। Yuva Bio Energ4 ने 10 टीपीडी क्षमता के CBG प्लांट की स्थापना के लिए 60 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 80 रोजगार का प्रस्ताव दिया है। वहीं AAGMIK Green Energ4 Private Limited द्वारा CBG एवं बायो-फर्टिलाइजर निर्माण परियोजना के लिए 40 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव किया गया है, जिससे करीब 100 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### निवेश-अनुकूल माहौल की दिशा में अहम कदम

इन चारों परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से जनपद में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ कृषि अवशेषों के बेहतर उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। जिला प्रशासन का मानना है कि इन परियोजनाओं से बिजनौर में निवेश-अनुकूल वातावरण को मजबूती मिलेगी और औद्योगिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जनपद में निवेशकों को आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। स्वच्छ ऊर्जा आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करते हुए बिजनौर को औद्योगिक विकास और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# अपने आमाल का जायजा लें, गलतियों से तौबा करें - कारी मौ. शाहिद

## मौजा अलीपुर मस्जिद में विशेष बयान का आयोजन

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शहर के उलेमा की तंजीम तहफ्फुज-ए-शरीयत के जेरे-एहतमाम जारी सीरत-ए-मुस्तफा स.अ.व. के कार्यक्रमों की कड़ी में मौजा अलीपुर स्थित मस्जिद में एक विशेष बयान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उलेमा ने हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ.व. की जिंदगी और आपकी तालीमात पर रोशनी डालते हुए लोगों से सीरत-ए-मुस्तफा स.अ.व. को अपनी जिंदगी का नमूना बनाने की अपील की। कार्यक्रम की सरपरस्ती मौलाना अब्दुल वासे मिफ्ताही तथा सदारत मौलाना डॉ. कलीमुल्ला ने की। कार्यक्रम में मौजा रसूलपुर स्थित मदरसा दारुल उलूम जकरिया के नाजिम कारी मोहम्मद शाहिद ने खिताब करते हुए कहा कि हमें अपनी जिंदगी का आइडियल हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ.व. को बनाना चाहिए। आपकी पूरी जिंदगी इंसानियत के लिए बेहतरीन नमूना है। हमें अपनी जिंदगी में आपकी सीरत और तालीमात को अपनाने की जरूरत है। कारी मोहम्मद शाहिद ने कहा कि आज हम कई तरह की परेशानियों और मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि हम हजरत मुस्तफा स.अ.व. के अहकाम पर अमल करने में लापरवाही बरत रहे हैं। हमें चाहिए कि हम अपने आमाल का जायजा लें, गलतियों से तौबा करें और अपनी जिंदगी को इस्लामी तालीमात के मुताबिक ढालने की कोशिश करें। कारी मोहम्मद शाहिद ने कहा कि अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बनाएं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें हाफिज-ए-कुरआन, मौलवी और मुफ्ती बनाने की भी कोशिश करें। जिन वालिदैन के दो बेटे हैं, उन्हें चाहिए कि कम से कम एक बेटे को हाफिज-ए-कुरआन जरूर बनाएं। मुफ्ती रियाजुद्दीन ने कहा कि दुनियावी तालीम हासिल करना वक्त की जरूरत है और इससे इंसान को जिंदगी के विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करने के अवसर मिलते हैं, लेकिन दीनी तालीम इंसान को सही और गलत में फर्क करना सिखाती है। उन्होंने कहा कि वालिदैन अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट और दूसरे क्षेत्रों में कामयाब बनाएं, लेकिन साथ ही उन्हें कुरआन पढ़ने और समझने की तालीम भी दें। मुफ्ती रियाजुद्दीन ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को आधुनिक तालीम दिलाना जरूरी है, लेकिन उनके अखलाक और किरदार की तामीर भी उतनी ही जरूरी है। कार्यक्रम में मुफ्ती जमशेद आलम, मुफ्ती रियाजुद्दीन, मौलाना मोहम्मद गुफरान, मौलाना मुख्तार अहमद, मौलाना खुर्शीद अनवर, मुफ्ती नईम अहमद, मौलाना शाहनवाज कासमी समेत कई उलेमा और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सीरत-ए-मुस्तफा स.अ.व. से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी रोशनी डाली गई और लोगों को अपनी जिंदगी को हजरत मुस्तफा स.अ.व. की तालीमात के मुताबिक गुजारने की नसीहत की गई। कार्यक्रम के आखिर में मुल्क की तरक्की, अमन-ओ-अमान, कौम की खुशहाली और खानकाहों की हिफाजत के लिए खास दुआ कराई गई। मुफ्ती सईदुर्रहमान ने कार्यक्रम में मौजूद सभी उलेमा, मेहमानों और लोगों का शुक्रिया अदा किया।



## तोतों को पिंजरे से आजाद कराया

**नहटौर ( चिंगारी )।** वन विभाग ने नहटौर में श्री चामुंडा मंदिर के पास पिंजरे में कैद तोतों को मुक्त कराया है। वनकर्मी छत्रपाल सिंह, राणा प्रताप को सूचना मिली थी कि चामुंडा मंदिर के पास कुछ लोग तोतों को पिंजरे में बंद कर उनकी अवैध खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। मौके पर दो युवक पिंजरे में तोतों को कैद करके बेचते हुए मिले। वन कर्मियों और वन्यजीव प्रेमियों की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवकों के कब्जे से पिंजरा ले लिया। इसके बाद पिंजरे का दरवाजा खोलकर सभी तोतों को आजाद कर दिया गया। दोनों युवकों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## पत्रकार वसीम अंसारी घायल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोशिएशन के राष्ट्रीय महासचिव बुढ़नपुर निवासी वसीम अंसारी पत्रकार एक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह स्कूटी से जा रहे थे। फीना मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से बचने के प्रयास में उनकी स्कूटी फिसल गई, जिससे वह नीचे गिर गए। उनके हाथ व पैर में फैक्चर हो गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।



## आर्यसमाज के वार्षिकोत्सव पर निकली धर्म आह्वान यात्रा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय आर्य समाज के 80वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर नगर में धर्म आवाहन यात्रा आर्य समाज मंदिर से निकाली गई, जो निर्धारित मार्गो से होते हुए आर्य समाज मंदिर में ही आकर समाप्त हुई। यात्रा में आर्यजन भक्ति और धार्मिक गीत गाते चल रहे थे। यात्रा का नेतृत्व पंडित कुलदीप विद्यार्थी ने किया। यात्रा में कई स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए। यात्रा का नगर में कई संगठनों ने स्वागत किया। यात्रा में डॉ. विजेंद्र राणा, अशोक आर्य, महेंद्र सिंह आर्य, डॉक्टर प्रसन्ना आर्य, सुंदर गोयल, आलोक रस्तोगी, संजय आर्य, आलोक अग्रवाल, विपिन गोयल, कर्मेंद्र गोयल, राधेश्याम माहेश्वरी, गौरव पाराशर, डॉक्टर चरित राजपूत, सिद्धार्थ शर्मा, जुगल किशोर कालरा आदि काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## यूजीसी के नये नियमों के विरोध में 18 को बिजनौर में प्रदर्शन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) की बैठक में 18 सितम्बर को यूजीसी के नये नियमों के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन में सवर्णों के सभी संगठनों से शामिल होने का आहवान किया गया है। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के बिजनौर जिलाध्यक्ष ललित चौहान के बुडगरा स्थित आवास पर आयोजित बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 सितम्बर को सवर्ण जातियों का शोषण करने वाले यूजीसी के नये नियमों के विरोध में बिजनौर मुख्यालय पर पूरी ताकत से प्रदर्शन किया जायेगा। यह प्रदर्शन पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। जिलाध्यक्ष ललित चौहान ने सवर्णों के सभी संगठनों से आपसी मतभेद भुलाकर समाज के हित में एक प्लेटफॉर्म पर आकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आहवान किया है। बैठक में पवन वत्स, कपिल राजपूत, सत्यम चौहान, दीपक राजपूत, टिंकू राजपूत, डा. आदेश शर्मा, बंटी राजपूत, मणिकांत राजपूत, शेखर राजपूत, अशोक राजपूत आदि मौजूद रहे।

## कालागढ़ डैम से पानी छोड़ने की ख़बर निराधार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सोमवार की सुबह कालागढ़ डैम के जलाशय का जलस्तर 354.790 मीटर दर्ज किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कालागढ़ डैम के जलाशय का 15 सितंबर तक 362 मीटर तक भंडारण किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया पर चल रही कालागढ़ डैम से जल्द पानी छोड़े जाने की खबर को अफवाह बताया। बताते चलें कि कालागढ़ डैम के जलाशय की अधिकतम भंडारण क्षमता 365.300 मीटर है।

फाइल फोटो कालागढ़ डैम



## ई-रिक्शा चालक के मुंह पर पत्थर मारा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा निवासी ई-रिक्शा चालक शमीम ने बताया कि सोमवार को अपराहन लगभग 2 बजे वह पास के ग्राम सबलपुर बींतरा में सवारियों को छोड़ने गया था। सवारियों को छोड़कर जब वह वापस लौट रहा था, तो गांव के बाहर उसे ऑटो रिक्शा चालक मोईन और ई-रिक्शा चालक अजीम निवासीगण ग्राम सबलपुर बींतरा ने रोक लिया और गाली-गलौच कर कहा तेरी हिम्मत हमारे गांव में आने की कैसे हुई? शमीम ने जब कहा कि ई-रिक्शा से तो कोई कहीं की भी सवारियां लेकर जा सकता है, तो मोईन ने उसे पीछे से पकड़ लिया और अजीम ने नीचे पड़ा पत्थर उठाकर उसके मुंह पर मार दिया। इससे शमीम लहूलुहान हो गया। उसने पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित रिक्शा चालक का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों को हिरासत में लिया।

## नवमी मेला स्थान परिवर्तन प्रकरण में एसडीएम ने की दोनों पक्षों से बात

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** उपजिलाधिकारी चांदपुर ने नवमी मेले का स्थान बदले जाने के प्रकरण में मौके पर पहुंचकर जांच करके दोनों पक्षों के अलावा ग्रामीणों से बात की। नवमी मेला इस बार सुरक्षा के दृष्टिकोण से ट्रस्ट की ओर से विधिवत परमिशन लेकर पायते वाले बाग में लगवाया गया है। मेला प्रबंधक कुंवरपाल सिंह, हेमराज सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाहरुख़ खान आदि ने उपजिलाधिकारी को बताया कि वर्षों से नवमी मेला बस स्टैण्ड स्थित रानी भवानी ट्रस्ट की भूमि पर लगता रहा है। वर्तमान में मेला स्थल के आसपास सघन आबादी व स्कूल होने से मेले को पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही थी। स्कूली छात्राओं व बस्ती में जाने वाले ट्रैफिक को परेशानी हो रही थी। नागरिकों की मांग पर ट्रस्ट की ओर से मेले का स्थान बदलने का निर्णय लिया गया। मेले की जिला व तहसील प्रशासन, अग्निशमन विभाग से विधिवत परमिशन ली गई। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मेले का उद्घाटन कराकर मेला शुरू कराया जा चुका है। वही कुंवर शैलेन्द्र जीत सिंह, रामकुमार सिंह, सुमित आदि ने उपजिलाधिकारी को बताया कि मेला वर्षों से बस स्टैण्ड स्थित जाहर दीवान स्थल पर लगता रहा है, जिसका स्थान नहीं बदला जा सकता। मेला पूर्व स्थान पर ही लगना चाहिये।



# तालाब का पानी ओवर फ्लो होकर गांव में आया गंदगी और मच्छरों ने पूरे गांव को बीमार बनाया

**पैजानिया ( चिंगारी )**। लगातार हो रही बारिश के बाद गांव पैजनिया का तालाब लबालब भर गया है। तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर गांव के मुख्य मार्ग पर आ गया है, जिससे पूरे गांव में जलभराव और गंदगी का आलम है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा पानी की निकासी के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया, जिसके चलते गांव में वायरल बुखार ने विकराल रूप ले लिया है। गंदे पानी में मच्छरों के प्रकोप से गांव के हर दूसरे घर में कोई न कोई बुखार से तप रहा है। महंगे निजी इलाज को मजबूर ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग और विकास विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार?

**इस संबंध में जब ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी से बात की गई, तो उन्होंने कहा तालाब के पानी की निकासी के लिए कोई स्थान नहीं है। इस समस्या के बारे में जिलाधिकारी को लिखित रूप में अवगत करा दिया गया है। वहीं पंचायत सेक्रेटरी सलमान खान ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जल्द ही गांव का दौरा कर पानी निकासी का कोई स्थायी समाधान निकाला जाएगा। स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर के प्रभारी डॉ. अजय गंधर्व ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। शीघ्र ही पैजनिया गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर कैंप लगाकर बुखार से पीड़ित रोगियों का उपचार और मच्छर जनित बीमारियों की जांच कराई जाएगी।**

### एक ही परिवार के कई लोग बुखार से तप रहे हैं

गांव में बुखार का प्रकोप इतना तेज है कि बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक इसकी चपेट में हैं। पूनम 50 वर्ष, वेदकांति 85 वर्ष, संजय त्यागी 50 वर्ष, परी 9 वर्ष, सत्यम 12 वर्ष, जुबेर 18 वर्ष, रिहान 22 वर्ष, कार्तिक 16 वर्ष, अनीता त्यागी 58 वर्ष समेत दर्जनों ग्रामीण पिछले कई दिनों से बुखार से पीड़ित हैं। पीड़ितों ने बताया कि यह बुखार धीरे-धीरे चढ़ता है और एक दिन बाद ही शरीर में अत्यधिक कमजोरी आ जाती है। कई मरीजों में प्लेटलेट्स तेजी से कम होने की भी शिकायत है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मजबूरी में ग्रामीण नूरपुर और बिजनौर के निजी डॉक्टरों से महंगा इलाज कराने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग गांव में तत्काल मेडिकल कैंप लगाकर सभी रोगियों की जांच और उपचार कराए तथा खंड विकास अधिकारी नूरपुर गांव के मुख्य मार्ग और तालाब के पानी की निकासी सुनिश्चित कराएं।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बालक की मौत

**किरतपुर ( चिंगारी )**। निकटवर्ती ग्राम हबीबउर्फ बड़ी ज्वाली में कल सुबह हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से 10 वर्षीय अनस की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने बालक के शव को लेकर नजीबाबाद बिजलीघर पर हंगामा किया। उन्होंने विद्युत लाइन हटवाने और मुआवजे की मांग की। अनस अपने घर की छत पर गया था, जहां ममटी के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद कराई और बालक को तारों से अलग किया। परिवार में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के बीच से गुजर रही इस हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए विद्युत निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई थी। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई होती तो यह हादसा टल सकता था। कई स्थानों पर तो विद्युत तार छतों को छू रहे हैं। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण बालक के शव को लेकर आदर्श नगर नजीबाबाद स्थित विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने बिजलीघर परिसर में शव रखकर लाइन हटाने की मांग की। सीओ नजीबाबाद सुनील कुमार ने बताया कि बिजली के करंट से बालक की मौत हुई है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### ग्रामीणों ने किया बिजलीघर पर हंगामा



मृतक अनस का फाइल फोटो

# किसानों ने धरने के बाद कट, खोल दिया झटपट

**किरतपुर ( चिंगारी )**। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले कल ग्राम मोचीपुरा में किसानों ने पंचायत कर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने मोचीपुरा कट और झलरी कट को खुलवाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना आज दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान हाईवे प्रशासन ने दोनों कटों को तत्काल प्रभाव से खोल दिया। किसानों ने इसे अपनी एकजुटता की जीत बताया। हालांकि, किसानों का कहना है कि जब तक दोनों कट के स्थायी निस्तारण को लेकर लिखित आदेश नहीं दिया जाता, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने में किसानों ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की आवाजाही और आवागमन की सुविधा को देखते हुए दोनों कट का स्थायी समाधान जरूरी है। किसान नेताओं ने प्रशासन से इस संबंध में लिखित आश्वासन देने की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत और नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष कुलबीर समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने एकजुट होकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।



# रुचि वीरा ने किया कॉस्मेटिक शोरूम का उद्घाटन

**किरतपुर ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी की मुरादाबाद सांसद कुवरानी रुचि वीरा ने स्थानीय अनमोल मार्केट में खोले गए कॉस्मेटिक शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुबश्शिर जमा खां, वरिष्ठ सपा नेता खुशनूद खां तथा युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमा खां भी उनके साथ थे। अपने संबोधन में सांसद रूचिवीरा ने कहा कि किरतपुर में इस तरह के कॉस्मेटिक शोरूम खोले जाने से यह बात साबित होती है कि किरतपुर प्रगतिशील नगरों की श्रेणी में अपना मुकाम बना रहा है। इस अवसर पर सैयद साजिद अली, सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी, अली नवाज़ खां एडवोकेट, अमित अग्रवाल, आसपा नगर अध्यक्ष फैलसुफ जमा खां, मोहम्मद जैद, अकरम जुनैदी, सलीम चूड़ी वाले, बिट्टू सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शोरूम स्वामी सैय्यद फराज अली तथा सैय्यद उजैर अली एडवोकेट ने सबका आभार व्यक्त किया।



# दर्शकों के सिर चढ़कर बोला पाशा का जादू

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी बिजनौर में गत रात्रि प्रसिद्ध जादूगर एन ए पाशा का मैजिक शो संपन्न हुआ। मैजिक शो का प्रारंभ श्रीमती इंदिरा सिंह अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर के बिजनौर ने किया। मुख्य अतिथि यशपाल सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन एवं विशिष्ट अतिथि अजीत पवार एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय विश्नोई एडवोकेट एवं मानव सचदेवा रहे। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती माया देवी पाल और श्रीमती मीनम शर्मा रहीं। जादूगर एन. ए. पाशा ने आश्चर्यजनक करतब दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। एक बच्चे को हवा में अधर लटका दिया, खाली मैजिक बॉक्स से बहुत सारा सामान निकाला। जादूगर ने एक बच्चे के पेट में बॉल पहुंचा दी, टेबल को जादू से हवा में उड़ा दिया, अखबार के टुकड़े-टुकड़े करके जादू से फिर जोड़ दिया। जादूगर एन. ए. पाशा ने अपने जादू के साथ-साथ लोगों को मद्यनिषेध, नशा मुक्ति का संदेश भी दिया। काफी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम को देखा और कार्यक्रम की सराहना की।




# देश की प्रगति में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि : कुं. धीरज प्रताप

**चांदपुर ( चिंगारी )**। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चान्दपुर-स्याऊ में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में महाविद्यालय के प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान और सेवाओं के लिए सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माता होते हैं और किसी भी देश की प्रगति में उनकी भूमिका सर्वोपरि होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से पूर्ण मनोयोग और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति तथा प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सदैव शिक्षकों के श्रम और निष्ठा को उचित मान-सम्मान दिया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि सब शिक्षक मिलकर इस संस्थान को ज्ञान और चरित्र-निर्माण का आदर्श केंद्र बनाएं। कार्यक्रम में प्रो. अशोक कुमार, डा. प्रदीप कुमार तालान, डा. महिपाल सिंह, डा. श्रीमती अखिलेश, डा. विनोद कुमार, डा. कुलदीप सिंह, डा. साजिद अंसारी, मौ. आरिफ, मौ. सुलेमान, डा. संतोष देवी, डा. उदिता राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, पूजा राजपूत कुलदीप कुमार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने किया।

### गुलाब सिंह महाविद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया



# गौवंश के अवशेषों को लेकर पूछताछ जारी, शीघ्र होगी गिरफ्तारी

**नहटौर ( चिंगारी )**। गौवंश के अवशेष मिलने के उपरांत पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए ढाई दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। बता दें कि शनिवार की प्रातः ग्राम मुस्सेपुर पाली स्थित गांव के ही शीशपाल पुत्र सुरेश के खेत में गौवंश के अवशेष पड़े मिले थे। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों के परीक्षण के उपरांत करके उन्हें दबा दिया गया। पुलिस ने बताया था कि संभवतः गौवंश के अवशेष किसी अज्ञात व्यक्ति ने खेत में लाकर डाल दिये। मौके पर खून के निशान नहीं मिले। पुलिस ने अरुण व राघव की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मामले में अब तक ढाई दर्जन से अधिक संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। गौ तस्करी में शामिल रहे पूर्व अपराधियों का भी पुलिस रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार ने बताया कि मामले में पुराने रिकॉर्ड के आधार पर पूछताछ की जा रही है। किसी को हिरासत में नहीं लिया है।

# बिजनौर में Kia सोरेंटो की भव्य लॉन्चिंग

## लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का नया अनुभव

कम्पनी समाचार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। kia की बहुप्रतीक्षित प्रीमियम एसयूवी kia सोरेंटो की भव्य लॉन्चिंग बिजनौर में आयोजित की गई।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अशोक जैन सहित शहर के गणमान्य अतिथियों, Kia के वरिष्ठ अधिकारियों एवं पूरी टीम ने भाग लिया। तीन पंक्ति वाली एसयूवी kia सोरेंटो को आकर्षक डिजाइन, दमदार प्रदर्शन, प्रीमियम आराम और अत्याधुनिक तकनीक के शानदार संयोजन के रूप में पेश किया गया है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सहायक प्रणाली, उन्नत चालक सहायता प्रणाली, 360 डिग्री कैमरा, मनोरम घुमावदार प्रदर्शन स्क्रीन, चालक के सामने सूचना प्रदर्शन, डिजिटल चाबी, बोस ध्वनि प्रणाली, मनोरम छत तथा हवादार सीटों जैसे आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं।

चारों पहियों को शक्ति देने वाले मॉडल में बर्फ, रेत और कीचड़ जैसे अलग-अलग रास्तों के लिए विशेष संचालन प्रणाली भी उपलब्ध है, जिससे वाहन की विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर पकड़ और संचालन क्षमता मिलती है। लॉन्चिंग कार्यक्रम में डी.डी. शर्मा, महाप्रबंधक संयुक्त भारद्वाज, सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षक अरुण शर्मा, वित्त प्रबंधक दिवाकर तथा विकास और तुषार सहित Kia की पूरी टीम मौजूद रही। टीम ने अतिथियों एवं ग्राहकों को सोरेंटो की विशेषताओं, डिजाइन और तकनीकी सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और ग्राहकों ने नई Kia सोरेंटो के आकर्षक डिजाइन एवं आधुनिक सुविधाओं को लेकर खासा उत्साह दिखाया।

# विकास नगर कालोनी में गंदगी का अम्बार



**स्योहारा ( चिंगारी )**। नगर के पास स्थित विकास नगर कालोनी में गंदगी का अम्बार है। ग्राम पंचायत खलीलपुर के अंतर्गत आने वाली विकास नगर कालोनी में कोई सफाईकर्मी भी नहीं आता है। नगर के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने इस कालोनी में घर यह सोचते हुए बनाए थे कि स्वच्छ वातावरण मिलेगा, लेकिन गंधगी के ढेर ने हवाओं को प्रदुषित कर दिया है। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास व अन्य अधिकारियों से की है। कालोनी निवासी आलोक अग्रवाल, वीर सिंह राणा, कपिल शर्मा आदि ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# चारा लेने गए व्यक्ति का शव नहर में पड़ा मिला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी रामपाल सिंह के 45 वर्षीय पुत्र शेर सिंह सोमवार की प्रातः लगभग 8 बजे पशुओं के लिए पास के जंगल से चारा लेने के लिए गया हुआ था। दोपहर लगभग 12 बजे तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा उसे तलाश किया गया। शेर सिंह के भाई बबलू उर्फ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तलाश के दौरान सोमवार की दोपहर लगभग 2 बजे गांव की नहर के पानी में शेर सिंह का शव डूबा हुआ पड़ा मिला। रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पंचनामा भरकर मृतक के शव को पोस्टपार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की किसी से कोई दुश्मनी या रंजिश नहीं थी, वह सभी से घुला-मिला रहता था। अनुमान लगाया जा रहा है कि नहर में डूबने से ही उसकी मौत हुई हो।

कविता

# हक़ बराबरी का

हर इंसान की मेहनत का पूरा हिसाब होना चाहिए,
न कोई ऊंचा और न कोई नीचा होना चाहिए,
मौका सबका एक समान मिलना चाहिए,
जाति नहीं, देश में योग्यता की बात होनी चाहिए।
जाति नहीं, देश में योग्यता की बात होनी चाहिए।
मेहतन जिसकी है, उसको फल मिलना चाहिए,
जन्म से नहीं, कर्म से पहचान बननी चाहिए,
भेदभाव को मिटाकर योग्यता का सम्मान होना चाहिए,
जाति नहीं, देश में योग्यता की बात होनी चाहिए।
औरों की तो बात छोड़ें अपने से अपने से मिला सको नजरें
कम से कम इतनी तो शर्म, अपनी आंखों में होनी चाहिए।
सही के साथ यदि खड़े न हो सके, तो भी कोई बात नहीं
पर गलत की गोद में भी नहीं बैठना चाहिए।
हक और सम्मान सबको बराबरी का मिलना चाहिए
देश का युवा व न अब करें अपनी जिंदगी का अंत
ऐसा मेरा देश भारत महान होना चाहिए
जाति नहीं, देश में योग्यता की बात होनी चाहिए।

-प्रीति शर्मा, बिजनौर

ग़ज़ल

# ..कोई और हमारा होगा

एक-दो बार तो लहरों ने उभारा होगा
डूबने वाले ने किस-किस को पुकारा होगा
ज़िन्दगी मौत को तकती रही लम्हा-लम्हा
इससे मजबूर भी क्या और नज़ारा होगा
तू अगर जीत गया है तो ये क़िस्मत तेरी
हारने वाला भी तक़दीर का मारा होगा
उम्र तन्हाई में गुज़रेगी, ज़रुरी तो नहीं
तू नहीं है, तो कोई और हमारा होगा
है मुहब्बत में मुनाफा ही मुनाफा, लेकिन
बुग्ज़-ओ-नफ़रत की तिज़ारत में ख़सारा होगा
तोड़ना होगा तुम्हें सर-फिरी मौजों का गुरुर
वर्ना हासिल न कभी कोई किनारा होगा
कब से प्यासा हूं मैं तपते हुए सहरा की तरह
एक बारिश में कहां मेरा गुज़ारा होगा
अपने मां-बाप की ख़िदमत वो करेगा अशरफ
जिसकी क़िस्मत का बुलन्दी पे सितारा होगा



-अशरफ शेरकोटी
9837950886

# गोधूली...!

गोधूलि......की,
पावन.....माटी,
उड़ भाल पै आवे है ।
चन्दन तिलक लगावे है यो
चन्दन तिलक लगावे है ।।
सूरज.... जावइ,
संझा..... आवइ,
ग्वाला बंसी बजावे है ।
गइयन,बछियन,
भैंसन, कटियन,
बकरन, भेड़न, आवे है ।
आगे.....डंगरन,
पीछै....ग्वालन,
रेवड़ घर कू धावे है ।।
चन्दन तिलक लगावे है ।।
भूरा, उजला,
धौला, काला,
कबरा झुंड रिझावे है ।
सीस हिलावे,
चाल मिलावे,
पांत में चलता आवे है ।
इतइ-उतइ कू,
मूँड हिलाइ ज्यूँ,
टन-टन टाल बजावे है ।।
चन्दन तिलक लगावे है ।।
चर के जंगल,
पेट का दंगल,
जीत घराँ कू आवे है।
खुर की ठोकर,
मार-मारकर,
लीक पै चलता आवे है ।
धरती माँ की,
चन्दन माटी,
उड़ा गगन पहुंचावे है।।
चन्दन तिलक लगावे है।।



-इंद्रदेव भारती

# संवाद से दूर हुईं व्यापारियों की आशंकाएं

## कुंभ विकास योजनाओं पर बनी सहमति

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत शंकर आश्रम चौक तथा पुराना रानीपुर मोड़-परशुराम चौक क्षेत्र में प्रस्तावित अवस्थापना विकास कार्यों को लेकर स्थानीय व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों की आशंकाएं संवाद के बाद दूर हो गई हैं।



सोमवार को मेला प्रशासन ने स्थानीय लोगों को प्रस्तावित योजनाओं के ब्लू प्रिंट और डिजाइन दिखाकर सड़क, फुटपाथ, चौराहों के सुधार एवं सौंदर्यीकरण से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान व्यापारिक गतिविधियों, स्थानीय आवागमन और पार्किंग की सुविधा का पूरा ध्यान रखने का आश्वासन दिया। मेलाधिकारी सोनिका के निर्देश पर अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने अधिकारियों की टीम के साथ दोनों क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आम लोगों से संवाद कर कुंभ मेला मद से प्रस्तावित एवं संचालित विकास कार्यों की जानकारी साझा की। अधिकारियों ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा देना नहीं, बल्कि मेले के बाद भी हरिद्वारवासियों को बेहतर अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि हरकी पैड़ी से प्रमुख मंदिरों एवं बाजारों तक पैदल आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पैदल यात्री अनुकूल फुटपाथ विकसित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आंतरिक सड़कों एवं चौराहों का सुधार, सौंदर्यीकरण, पौधारोपण और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात संचालन को भी व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि निर्माण के दौरान उनकी व्यावहारिक जरूरतों और सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# पूर्व सैनिक हमारे लिए गौरव और प्रेरणा के स्रोत : ऋतु खंडूडी

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद का वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, उत्तराखंड प्रांत का वार्षिक अधिवेशन रविवार दोपहर बाद स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ऋतु खण्डूडी भूषण ने दीप प्रज्वलित व स्व. मेजर जनरल भुवन चंद्र खण्डूडी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों ने देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पूर्व सैनिक हमारे लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सम्मान और हितों की रक्षा के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। अधिवेशन में संगठन की आगामी कार्ययोजना, पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान, सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय तथा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। अधिवेशन में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेजर जनरल डॉ. आर. के. गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल गुलाब सिंह रावत, मेजर बलवीर सिंह रावत, जिला अध्यक्ष सूबेदार कुलदीप सिंह रावत, ग्रुप कैप्टन हुसवंत सिंह, विंग कमांडर डी. ओबराय, सूबेदार सतीश जोशी, नायक गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, सूबेदार गोपाल दत्त जरमोला एवं राजेश बड़थ्वाल सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा कर रही प्रयास, अंतिम छोर तक पहुंचेगा विकास

### अल्मोड़ा भाजपा ने तैयार किया सेवा और संगठन की मजबूती का रोडमैप

**देहरादून ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी 'सेवा ही संगठन' और 'अंत्योदय' के अपने मूल संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सदैव कटिबद्ध है। इसी कड़ी में देवभूमि की सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के भाजपा जिला कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत एक जिला कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने और उनके उत्थान को लेकर एक विस्तृत और ठोस रोडमैप तैयार किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के इस महाअभियान में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी पूरी ऊर्जा के साथ सहभागिता निभा रहा है। भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि समाज के सबसे पिछड़े और जरूरतमंद व्यक्ति का कल्याण करना है। सभी ने एक सुर में संकल्प लिया कि वे सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाकर संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाएंगे।

# शुद्धिकरण मामले को राजनीतिक रंग दे रही कांग्रेस : नौटियाल

### भाजपाइयों ने तहसील परिसर में दिया धरना

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सामाजिक सौहार्द धरना प्रदर्शन के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि कथित शुद्धिकरण प्रकरण ने कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। सोमवार को तहसील परिसर में जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल के नेतृत्व में धरने पर बैठे पार्टी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस जहां एक ओर सामाजिक न्याय और समानता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर दलित समाज से जुड़े मामलों में उसका रवैया अलग नजर आता है। कहा कि दलित समाज के सम्मान और अधिकारों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कांग्रेस पर शुद्धिकरण मामले को राजनीतिक रंग देने और दलित समाज की भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस को अपनी कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट करना चाहिए। इस दौरान भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के समानता, सामाजिक न्याय एवं बंधुत्व के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में एकता, आपसी सम्मान और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर पौड़ी के पूर्व विधायक मुकेश कोहली, भाजपा उत्तराखंड अनुसूचित मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष जोनी केसरिया, लैंसडाउन विधायक दिलीप रावत, मेयर शैलेंद्र रावत, जिला प्रभारी रमेश मैखुरी, विजयानंद पोखरियाल, सुरेंद्र आर्य, मोहन सिंह नेगी, वीरेंद्र रावत, अनीता आर्य, विकासदीप मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# योग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति की मासिक बैठक झंडीचौड स्थित योग कक्षा में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय तथा प्रांतीय स्तर पर आयोजित योग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने कहा कि इस शाखा के योग साधक शहर तथा शहर से बाहर विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अपने योग का बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं। आम जन के कहने के अनुसार योग कक्षा अब सुबह और शाम संचालित की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी योग कक्षा आरंभ की जायेगी। मौके पर शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था की प्रमुख योग शिक्षिका ममता भंडारी को स्थानीय विधायक द्वारा शिक्षक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर व मुख्य योग शिक्षक रजनी अग्रवाल को योग कक्षा में पुन: सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमित सजवाण सहित भगवती प्रसाद, डॉ रवि नेगी .चंद्र किशोरअसवाल, विनोद धूलिया, आनंद प्रसाद, जितेंद्र काला और दीपक कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

# स्वामी रामदेव ने डॉ. सुशील त्यागी को सम्मानित किया

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संस्थापक एवं अध्यक्ष विश्वविख्यात योगऋषि स्वामी रामदेव तथा महामंत्री आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के निर्देशन में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरु-संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर हरिद्वार के शिक्षक एवं सुकवि डॉ. सुशील कुमार त्यागी 'अमित' को उनके उत्कृष्ट शिक्षण निष्ठा एवं साहित्यिक उपलब्धियों के लिए अपना शुभ आशीर्वाद देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. त्यागी ने पतंजलि के मंच से घनाक्षरी छन्द के माध्यम से काव्यपाठ कर क्रान्तिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का गुणगान किया। गौरतलब है कि डॉ. सुशील कुमार त्यागी की साहित्यिक सम्पदा के रूप में तीन सौ से अधिक कविताएं, गीत, गज़ल, मुक्तक हैं। साथ ही 60 से अधिक आलेख शोधपत्र आदि की श्रृंखला है। डॉ. त्यागी ने कहानी लेखन, सम्पादन तो किया ही है, साथ ही पंडित पद्मसिंह शर्मा के बिहारी सतसई संजीवन भाष्य पर शोधकार्य भी किया है।



# गोरखा समाज की महिलाओं ने मनायी हरितालिका तीज

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय गोरखाली समाज सेवा समिति से जुड़ी महिलाओं की ओर से रविवार देर शाम को कुम्भीचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में स्माईलो हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान गोरखाली महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। महोत्सव का आरंभ करते हुए प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने गोरखाली समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं राष्ट्र के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोरखा समाज ने देश की सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट अपने अदम्य साहस, वीरता और पराक्रम के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। उन्होंने गोरखाली समाज की सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित रखने और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, तीज कमेटी की अध्यक्ष रीना थापा, सचिव पूजा क्षेत्री, कोषाध्यक्ष प्रभा गुरंग और दिव्या गुसाईं सहित बड़ी संख्या में गोरखाली समाज की महिलाएं एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी का एक आरोपी गिरफ्तार, दो हुए फरार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मुअज्जमपुर में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया, जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर दो आरोपी फरार हो गये। थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद कल्हेड़ी स्थित मालन नदी के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की जिसमें आरोपी मुजम्मिल पुत्र शराफत निवासी मौहल्ला कस्साबान मंडावर बायं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, दो खोखे व एक जिंदा कारतूस, बिना नम्बर की बाइक, प्लास्टिक के कट्टे, रस्सा, छुरी व चापड़ बरामद किया। जबकि आरोपी के दो साथ मौके से फरार हो गये। पुलिस ने बताया कि इस केस में दो आरोपियों इदरीस निवासी कोतवाली देहात व शाहनवाज निवासी जाब्तागंज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# बिजली के करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम फजलपुर हबीब उर्फ बड़ी ज्वाली निवासी अनस पुत्र मौ. अनवार अपने ताऊ की छत पर खेलने गया था। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार पावर की बिजली की लाइन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण आदर्शनगर बिजली कार्यालय पहुंचे तथा उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर गांव में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की। विद्युत विभाग ने मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने व हाईटेंशन लाइन को हटाने का काम शुरू करा दिया।


MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT ( ENGLISH )
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR



आवश्यकता है
हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।
कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।
हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404



मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना







डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association





(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# किसानों ने धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं किसानों ने तहसील परिसर में मासिक पंचायत के बाद अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर सीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि जनपद की शुगर मिलों से जुड़े किसानों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहीं गन्ने के बकाया भुगतान की समस्या है, तो कहीं गन्ना घटतौली की शिकायतें सामने आती हैं। इसके अलावा शुगर मिलों एवं फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण तथा गन्ने से लदे ओवरहाइट व ओवरलोड वाहनों के कारण आम जनता एवं किसानों की जान-माल की सुरक्षा भी चिंता का विषय बनी हुई है। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, चौ. शेर सिंह, देवेंद्र प्रधान, जग्गन अली, सुखवीर सिंह, नरेश कुमार, अजयपाल सिंह, डॉ. अरुण कुमार, सरदार जरनैल सिंह, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार गुरपेज सिंह, सत्यपाल सिंह, महेंद्र सिंह, जय सिंह, प्रीतम सिंह, डॉ. जयप्रकाश सिंह, शहजाद अली, जसवंत सिंह, मास्टर मुनेंद्र सिंह, फुरकान अली, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मंडावली पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी) मंडावली पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी युवकों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत वारंटी अतुल कुमार पुत्र सूबे सिंह निवासी ग्राम सफियाबाद व वारंटी हारुन पुत्र यूसुफ निवासी भागूवाला को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वारंटियों को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय भेजा गया है।






खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।









पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor





Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर